हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

10 सामान्य सभा में अपनों ने ही महापौर को घेरा विपक्ष ...



11 42 करोड़ का 132 केवी विद्युत स्टेशन हुआ चार्ज...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



खबर संक्षेप

बीएसपी से कॉपर पार करने वाले पकड़े गए

भिलाई। बीएसपी में प्रवेश कर कॉपर केबल चोरी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि आरोपियों से 60 किलोग्राम और 40 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर केबल चोरी कर ले जाते समय सीआईएसएफ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। आरोपियों से दुर्गेश जोशी स्टेशन मरोदा, यादव पारा बस्ती-21 निवासी दुर्गेश जोशी, मरोदा, बजरंग पारा अजय सोनवाने, बाघ पारा, जोरातराई उतई जोसेफ बाघ, खप्पड़वाड़ा, जिला बालोद हितेष कुमार देशमुख और अपचारी बालक को पकड़ा गया है। इनके पास से पुलिस ने स्क्रैब कॉपर केबल 100 किलोग्राम, जिसकी कीमत 96 हजार 100 रुपये, बाइक सीजी 07 बीपी 5037 जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। वहीं एक अपचारी बालक को किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में भिलाई भट्ठी पुलिस द्वारा जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरु किया। विवेचना के दौरान आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी दिलेपेश्वर चंद्रवंशी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

मशीनरी लोहा पार करने वाले दो गिरफ्तार

भिलाई। फेंड्स इंजीनियरिंग फैक्ट्री में मशीनरी लोहा पार करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपए का सामान जब्त किया। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड भिलाई रतन दास गुप्ता ने शिकायत किया कि उनके फ्रेंड्स इंजीनियरिंग फैक्ट्री में मशीनरी सामान, नट-बोल्ट, टूल होल्डर, लोहे की प्लेट, लोहे का रावत समेत करीब 5 क्विंटल लोहे का सामान पार की गई। पुलिस जांच के दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि संदेही शारदा पारा छावनी निवासी सरवन साव उर्फ श्रवण साव, सूरज साव को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दोनों ने मिलकर फैक्ट्री से लोहे का सामान पार करना स्वीकार किया। फैक्ट्री परिसर में रखी मशीनरी, अन्य लोहे की सामग्री को निशाना बनाकर चोरी किया करते थे। आरोपियों से पुलिस ने मशीनरी सामान, नट-बोल्ट, टूल होल्डर, लोहे की प्लेट, लोहे का रावत जब्त किया है।

जांच रिपोर्ट में 21 कार्यों में गड़बड़ी का खुलासा, दावा कई फाइलें दबाने के साथ हुई गायब

भिलाई निगम पेवर ब्लॉक घोटाला - सांसद की शिकायत पर जांच, रिपोर्ट में निगम पर सहयोग न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की परियोजना शाखा अंतर्गत पेवर ब्लॉक लगाने के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ हुआ है। दुर्ग सांसद विजय बघेल की शिकायत पर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) को मामले की जांच सौंपी थी। जांच रिपोर्ट सामने आते ही निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जो जांच रिपोर्ट आई है उसमें साफ तौर पर दिया गया है कि परियोजना शाखा द्वारा पेवर ब्लॉक लगाने के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ है। दोनो विभाग के अधिकारियों ने 29 अनबंधों की जांच की थी, जिसमें 21 अनुबंधों में बड़ी गड़बड़ी पाई गई है। नाप के दौरान मौके पर पेवर ब्लॉक की मात्रा कम मिली है, जबकि माप पुस्तिका (एमबी) में अधिक मात्रा दर्ज कर संबंधित ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया है।

जांच में मिला 16.85 लाख से अधिक का फर्जीवाड़ा : जांच दल के अनुसार एमबी में हुई एंट्री के मुताबिक 16 लाख 85 हजार 457 रुपए का अधिक भुगतान संबंधित एंजेसी को किया गया है। इस जांच रिपोर्ट पर कलेक्टर दुर्ग ने कड़ा रुख दिखाते हुए भिलाई निगम आयुक्त को पत्र जारी कर दोषी अभियंताओं और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने और उनसे किए गए अधिक भुगतान की राशि की वसूली करने का आदेश दिया है।

अभी भी अपने पदों पर कार्य कर रहे दोषी इंजीनियर, ठोस कार्रवाई नहीं



किस दोषी इंजीनियर से होनी है कितनी रिकवरी

नाम	पद	रिकवरी की राशि	कहां पदस्थ
अर्पित बंजारे	उप अभियंता	10 लाख 13 हजार 463	एजुकेशन लीव
श्वेता महेश्वर	उप अभियंता	2 लाख 37 हजार 938	जोन 2 भिलाई ननि
श्वेता वर्मा	सहायक अभियंता	32 हजार 16	जोन 2 भिलाई ननि
रीमा जामुलकर	उप अभियंता	3 हजार 867	जोन-1 भिलाई ननि
पुरुषोत्तम सिन्हा	उप अभियंता	2 हजार 123	जोन-1 भिलाई ननि
प्रभा लकड़ा	उप अभियंता	68 हजार 344	बिलासपुर
कृष्णा जंघेल	उप अभियंता	2 लाख 34 हजार 418	जोन-3 भिलाई ननि
चंदन निर्मलकर	उप अभियंता	94 हजार 988	रिसाली नगर निगम

शिकायतकर्ता ने कहा 3 करोड़ 85 लाख का भ्रष्टाचार

भाजपा पार्षद संतोष मौर्य ने बताया कि उन्होंने आरटीआई के जरिए पेवर ब्लॉक में हुए बेतहाशा खर्च की जानकारी मांगी। इस मामले में 3 करोड़ 85 लाख रुपए का भ्रष्टाचार पाया गया। इसके बाद उन्होंने तत्कालीन जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा व अन्य पार्षद दल को लेकर सांसद विजय बघेल से मुलाकात की। उनके सामने मुद्दे को रखा। सांसद बघेल ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मामले की जांच के लिए निर्देश दिया। इसके बाद कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी और आरईएस के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर मामले की जांच कराई। 11 महीने 5 दिन बाद मामले की जांच रिपोर्ट आई है। इसमें 16 लाख 85 हजार 457 रुपए के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। संतोष मौर्य का कहना है कि कुछ नेताओं ने मामले को दबाने तो कुछ लोगों ने उन्हें खरीदने की कोशिश की, लेकिन वो झुके नहीं और सच्चाई के लिए लड़े। अभी पूरा खुलासा नहीं हुआ है। इसके लिए वो और आगे लड़ाई जारी रखेंगे।



पांच साल में लगए 62 करोड़ के पेवर ब्लॉक



साल 2019 से 2024 तक लगभग 62 करोड़ रुपए के पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं। इन सभी फाइलों की जांच कलेक्टर व कमिश्नर ईओडब्ल्यू से कराएं। इस भ्रष्टाचार में लिप्त एजेंसी (ठेकेदार), सीई, एसई, ईई, एई, सब इंजीनियर सहित सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।
-भोजराज सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम भिलाई

इन अधिकारियों की मौजूदगी में हुई जांच

1. बीएल पिरदा, अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ), लोक निर्माण विभाग, दुर्ग
2. मनीष तिवारी, उप अभियंता (सब इंजीनियर), लोक निर्माण विभाग, दुर्ग
3. सविता प्रसाद, उप अभियंता (सब इंजीनियर), लोक निर्माण विभाग, दुर्ग
4. प्रतीक मसीह, उप अभियंता (सब इंजीनियर), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, पाटन
5. राकेश साहू, उप अभियंता (सब इंजीनियर), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, धमधा
6. श्वेता वर्मा, सहायक अभियंता (असिस्टेंट इंजीनियर), परियोजना शाखा, नगर पालिक निगम, भिलाई
7. अर्पित बंजारे, उप अभियंता (सब इंजीनियर), परियोजना शाखा, नगर पालिक निगम, भिलाई
8. श्वेता महेश्वर, उपअभियंता (सब इंजीनियर), परियोजना शाखा, नगर पालिक निगम, भिलाई
9. रीमा जांबुलकर, उपअभियंता (सब इंजीनियर), परियोजना शाखा, नगर पालिक निगम, भिलाई

इन अधिकारियों ने बनाई जांच रिपोर्ट

1. एके भट्टाचार्य, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग
2. जेके मेश्राम, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दुर्ग
3. बीएल पिरदा, अनुविभागीय अधिकारी , लोक निर्माण विभाग, दुर्ग, उप संभाग तीन
4. सविता प्रसाद, उप अभियंता (सब इंजीनियर), लोक निर्माण विभाग, दुर्ग
5. मनीष तिवारी, उप अभियंता (सब इंजीनियर), लोक निर्माण विभाग, दुर्ग
6. प्रतीक मसीह, उप अभियंता (सब इंजीनियर), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, पाटन
7. राकेश साहू, उप अभियंता (सब इंजीनियर), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, धमधा

अवैध गांजा रखने वाली महिला पकड़ी गई

भिलाई। अवैध रूप से गांजा का कारोबार कर रही एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के पास से पुलिस ने 1.365 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि अहिवारा-बेरला कुम्हारी बाईपास रोड के पास टीम ने वार्ड 1, अहिवारा, नंदिनी नगर निवासी लक्ष्मी बाई सोनी द्वारा अवैध रूप से गांजा बेचते हुए पकड़ा। उसके पास से अवैध रूप से गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 68,600 रुपये आंकी गई। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। महिला को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

धमधा पुलिस ने 507 लोहे का कड़ा निकलवाया

भिलाई। बाजार ग्राउंड धमधा में गणेशोत्सव समिति धमधा द्वारा आयोजित जस झांकी परिवार, ग्राम पटपर झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों और जिलों से लगभग 6 से 7 हजार दर्शक पहुंचे। अपराधों की रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से धमधा पुलिस ने कार्यक्रम शुरू होने से ही सतर्कता बरती गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत लगातार निगरानी रखी गई। कार्यक्रम में आए युवा वर्ग के कुछ लोगों द्वारा पहने गए विभिन्न प्रकार के लोहे के कड़े निकलवाकर पुलिस द्वारा सुरक्षित रखवाए गए। टीम की सतर्कता एवं निरंतर निगरानी के फलस्वरूप कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पुलिस ने 507 नग लोहे का कड़ा सुरक्षित रखवाए गए। इस दौरान एसडीओपी धमधा बैजंतीमाला तिग्गा, दानेश्वर साह, निरीक्षक महेश ध्रुव समेत अन्य मौजूद रहे।

एआई से बनाया नकली नोटिस और बिल फिर वसूली के लिए भेज रहे क्यूआर कोड

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में होटल और खाद्य कारोबारियों को निशाना बनाकर फर्जी खाद्य अधिकारी बनकर ठगी के प्रयास का चौकाने वाला मामला सामने आया है। ठग खाद्य विभाग के नाम पर कारोबारियों से मोटी रकम वसूलने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए कथित तौर पर फर्जी खाद्य लाइसेंस, पंजीयन और अनुमति पत्र के साथ नकली जुर्माना रसीद और हाईकोर्ट का नोटिस तैयार किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, कारोबारियों को वाट्सअप के जरिए भुगतान के लिए क्यूआर कोड भी भेजे जाने की शिकायत सामने आई है। नोटिस मिलने के बाद कुछ कारोबारियों ने जब खाद्य और औषधि प्रशसन विभाग में संपर्क किया तो इसका खुलासा हुआ।



■ खाद्य विभाग के नाम पर ठगी का नया तरीका

जानकारी के अनुसार कुछ लोग बाजार में घूमकर खुद को खाद्य विभाग का अधिकारी या कर्मचारी बताते हैं। ये लोग कारोबारियों से खाद्य लाइसेंस, खाद्य पंजीयन या खाद्य अनुज्ञप्ति बनवाने के नाम पर रकम मांग रहे हैं। फर्जी दस्तावेज और रसीद बनाकर कारोबारियों को भ्रमित कर रहे हैं। इसके अलावा खाद्य जनित बीमारी या फूड पॉइजनिंग के नाम पर 5 हजार रुपए तक की फर्जी जुर्माना रसीद वाट्सअप पर भेजे जा रहे हैं। लाइसेंस या पंजीयन बनवाने के नाम पर पैसे लेकर गायब हो रहे हैं। शहर के खाद्य सुरक्षा केंद्र का कर्मचारी बताकर खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीयन कराने का झांसा दे रहे हैं। फिलहाल अभी कितने व्यापारियों से वसूली की गई है इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं आई है।

हाईकोर्ट के नाम से फर्जी नोटिस

खाद्य कारोबारियों को डराने के लिए फर्जी कानूनी नोटिस और हाईकोर्ट के नाम से बनाए गए दस्तावेजों का इस्तेमाल किए गए हैं। वहीं कारोबारी के मोबाइल पर वाट्सअप के जरिए जुर्माने या अन्य भुगतान के लिए क्यूआर कोड भेजकर रकम जमा कराने दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे दस्तावेज कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई से तैयार किए गए होने का दावा किया जा रहा है।

ऐसे खुला ठगी का राज

बिलासपुर उच्च न्यायालय का अधिवक्ता बताते हुए हिमांशु पाठक द्वारा व्यापारियों को पहले फोन पर कहा जाता है कि आपके दुकान की बनी मिठाई व अन्य सामग्री खराब है। इसलिए बिलासपुर हाईकोर्ट के निर्देश पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं पटाने पर संस्थानों को सील करने की भी चेतावनी दी जा रही है। दुर्ग जिले में भिलाई के रामनगर स्थित छोटू स्वीट्स, धमधा स्थित इंदौर सेव भंडार और दुर्ग के कातुलबोड़ स्थित त्रिप्ति स्वीट्स को जुर्माने की चेतावनी देते हुए रुपए मांगे गए। इसके लिए बकायदा व्यापारियों के वाट्सअप पर क्यूआर कोर्ड भी भेजा गया था। इन व्यापारियों ने नोटिस की जानकारी के बाद जब खाद्य और औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी जितेन्द्र नेले से संकर्प किया तो इसका राज खुला।

अनजान को न भेजें पैसे

किसी भी अनजान व्यक्ति को खाद्य लाइसेंस, पंजीयन या जुमाने के नाम पर सीधे पैसे न दें। किसी भी तरह की कार्रवाई या भुगतान संबंधी जानकारी, फर्जीवाड़े व ठगी से बचने के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन कार्यालय में संकर्प करें। **-जितेन्द्र कुमार नेले,** अभिहित अधकारी खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग दुर्ग

बीएसपी ने डीजीएम सहित दो अधिकारियों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पिछले कुछ दिनों से बीएसपी में बढ़ रही दुर्घटनाओं में ठेका मजदूरों के हताहत होने को देखते हुए प्रबंधन द्वारा हर विभाग में विभागीय अधिकारियों सुरक्षा नियमों को लेकर गंभीर होने की हिदायत दी गई थी। इस दौरान संयंत्र में दो ठेका श्रमिकों की ऊंचाई से गिरने से मौत हुई गई।

सूत्रों के मुताबिक प्रबंधन ने इन मामलों की जांच में तीन विभागीय आधिकारियों द्वारा सुरक्षा को नजरंदाज कर श्रमिकों से पर्याप्त सेफ्टी उपकरण के ऊंचाई पर काम कराने के लिए जिम्मेदार पाया गया। दोनों मजदूरों असुरक्षित माहौल में काम कर रहे थे। इसे देखते हुए कार्यपालक निदेशक वर्क्स द्वारा पर्याप्त सुरक्षा में लापरवाही बरतने को लेकर एक उप महाप्रबंधक सहित तीने अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया। निलंबित अधिकारियों में बीएसपी के सिंटर प्लांट -2 के डीजीएम कमल कुमार केसरवानी और सहायक महाप्रबंधक आनंद कुमार वर्मा तथा एसपी-3 के असिस्टेंट मैनेजर रीमिश किंडा शामिल हैं। असिस्टेंट मैनेजर पर सीमित या बंद स्थान में असुरक्षित काम कराने का आरोप लगा है। जबकि डीजीएम व एजीएम को ऊंचाई पर असुरक्षित काम कराने के लिए आपरेटिंग अथारिटी होने के कारण निलंबित किया गया है।



खबर संक्षेप



महापौर ने किया सफाई मित्रों का सम्मान

दुर्ग। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान समारोह का आज नगर पालिक निगम दुर्ग में सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, एमआईसी देव नारायण चन्द्राकर,शेखर चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल सहित पार्षद रंजीता पाटिल, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, शेखर दुबे,कुणाल सहित सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं। महापौर अलका बाघमार ने किया सभी सफाई मित्रों का सम्मान, हेल्थ कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का किया वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। नमस्ते योजना के अंतर्गत सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किए गए, ताकि वे उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन आज

दुर्ग। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आमजन तक शासकीय सेवाओं और सुशासन की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन 1 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक स्वामी विवेकानंद भवन, पद्मनाभपुर दुर्ग में किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेशानुसार आयोजित इस शिविर में नागरिकों को विभिन्न विभागों एवं नगर पालिक निगम से संबंधित सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की पहल की गई है। शिविर में दुर्ग नगर पालिक निगम से पेंशन शाखा, स्वास्थ्य शाखा, बाजार शाखा, एनयूएलएम, राशन कार्ड, पेयजल, विद्युत तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आमजन अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

गुस्साए रिटेंशनधारियों ने सेक्टर-7 से की निगम चुनाव लड़ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप में वर्षों से निवास कर रहे सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारियों की आवासीय किराया वृद्धि वापस नहीं लिए जाने से गुस्साए आवासधारियों ने लंबे आंदोलन के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव में अपनी जमीनी ताकत दिखाने का निर्णय लिया है। चुनावी तैयारी का आगाज आज बुधवार को सेक्टर 7 से शुरू कर दिया है। बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ ने बीएसपी और सेल प्रबंधन के साथ केंद्र और राज्य सरकार को चेताया है कि यदि जल्द रिटेंशन स्कीम को पूर्ववत रख किराया वृद्धि वापस नहीं ली गई तो कार्मिक कल्याण संघ भिलाई नगर निगम चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ महापौर सहित हर वार्ड से चुनाव में पार्षद प्रत्याशी उतारेगा और अन्य तीन निकाय क्षेत्रों में भी इस पार्टी को हराने का काम करेगा। जब तक प्रबंधन भारीभरकम किराया वृद्धि वापस लेने के साथ इस स्कीम का कंटीन्यू रखे जाने का आदेश जारी नहीं करेगा, रोज चुनावी तैयारी चलती रहेगी। उल्लेखनीय है कि रिटायर संयंत्रकर्मियों के लिए बीएसपी ने करीब पंद्रह साल पूर्व रिटेंशन स्कीम शुरु की थी। इसके तहत नौ से दस लाख रुपए सुरक्षा निधि जमा करने के साथ हर माह किराया पर बीएसपी आवास अलाट किया गया था। लेकिन पिछले साल इसका 32 गुना किराया बढ़ाने के बाद इस स्कीम को ही बंद कर दिया गया। प्रबंधन आवासधारियों को नोटिस जारी कर बेदखल भी कर रहा है। इससे रिटेंशनधारियों में बेघर होने की चिंता से आक्रोश बढ़ रहा है। किरायावृद्धि वापसी की मांग को लेकर बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ कई बार दुर्ग के सांसद विजय बघेल से मिलकर आश्वासन ले चुका है और धरना प्रदर्शन कर चुका है। लेकिन परिणाम शिफर होने से अब समस्या के निदान की मांग को लेकर विरोध स्वरुप आगमी नगर निगम चुनाव लड़ने का निर्णय ले रिटेंशन समस्या के हल के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के संयोजक सुरेशचंद ने बताया कि रिटेंशन समस्या के निदान होते तक रिटेंशनधारियों चारों निकाय चुनाव लड़ने की हमारी जोरशोर से चलती रहेगी। ऐसा कर हम

बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ ने कसी कमर

बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले बड़ी संख्या मे रिटेंशनधारी जुटे। बीएसपी उद्यान में हुई अहम बैठक में रिटायर आवासधारी परिवार के साथ पहुंचे थे। लंबे आंदोलन व सांसद आदि से लगातार प्रयास व आश्वासन के बाद भी रिटेंशन समस्या का निदान नहीं होने से सभी में आक्रोश था। बैठक में आगामी भिलाई नगर निगम चुनाव में महापौर सहित सभी 70 वार्ड से चुनाव लड़ने और रिसाली निगम,भिलाई 3 चरौदा नगर निगम और जामुल नगर पालिका चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशियों की जीत का समीकरण बिगाड़ने का ऐलान किया गया। कार्मिक कल्याण संघ के संयोजक सुरेशचंद ने बैठक में बताया कि प्रबंधन द्वारा क्वार्टरों के बेस रेट का 32 गुना मनमाना किराया लेने न्यायसंगत नहीं है। लंबे संघर्ष के बाद अब तक हमें प्रबंधन व जन प्रतिनिधियों से सिर्फ आश्वासन ही मिला है। हम किसी भी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन रिटेंशन समस्या के निदा के लिए दबाव बनाने निगम चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय ले रहे हैं। हम रोज चुनावी तैयारी की समीक्षा करेंगे। रिटेंशनधारियों ने कहा कि जब सेल के अन्य सभी यूनिटों में किरायावृद्धि नहीं की गई है और रिटेंशन स्कीम जारी है तो सिर्फ भिलाई में क्यों हमें बेदखल किया जा रहा है।



भाजपा पार्षदों ने उठाए प्रकाश, पानी, सड़क और सफाई के मुद्दे

सामान्य सभा में अपनों ने ही महापौर को घेरा विपक्ष ने भी लगाए गंभीर आरोप, हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विकास कार्यों की धीमी गति को लेकर सदन में हुई तीखी बहस

नगर निगम दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक में बुधवार को सत्तारूढ़ भाजपा पार्षदों की नाराजगी खुलकर सामने आई। शहर की बदहाल मूलभूत सुविधाओं को लेकर भाजपा पार्षदों ने ही महापौर अलका बाघमार से जवाब मांगा। वहीं कांग्रेस पार्षदों ने भी इन्हीं मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष को घेरा। स्ट्रीट लाइट, पेयजल, जर्जर सड़क, सफाई, जलभराव और विकास कार्यों की धीमी गति को लेकर सदन में तीखी बहस हुई।

निगम मुख्यालय स्थित स्व. मोतीलाल वोरा सभागृह में सभापति श्याम शर्मा की अनुमति से सुबह 11 बजे सामान्य सभा शुरू हुई। बैठक की शुरुआत से ही शहर की व्यवस्थाओं को लेकर पार्षदों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए। कई पार्षदों ने कहा कि वार्डों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति ठीक नहीं है और उन्हें जनता के बीच लगातार जवाब देना पड़ रहा है। सामान्य सभा में कुल 9 प्रस्तावों पर से चर्चा की गई। 7 प्रस्ताव बहुमत से तथा 2 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बाजार विभाग के नियंत्रणाधीन नवनिर्मित जलगृह व्यवसायिक परिसर की तेरहवीं निविदा में प्राप्त ऑफर दर ऑफसेट मूल्य से अधिक होने के कारण स्वीकृति हेतु एमआईसी की अनुशंसा के संबंध में प्रस्ताव सदन में रखा गया, जिसे बहुमत से पारित किया गया। बाजार विभाग के नियंत्रणाधीन नवनिर्मित गंजमंडी व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स की तेरहवीं निविदा में प्राप्त ऑफर दर से संबंधित प्रस्ताव पर भी सदन में चर्चा हुई और इसे बहुमत से पारित किया गया। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निगम स्वामित्व की न्यू हटरी बाजार, वार्ड क्रमांक 30 बरईपारा, लुचकी लिंक रोड पर डॉ. बलराम वर्मा दवाखाना के बाजू खसरा क्रमांक 368/1 में निर्मित 4 दुकानों के प्रथम तल के 975 वर्गफीट छत क्षेत्र को निविदा के माध्यम से दिए जाने संबंधी प्रस्ताव भी बहुमत से पारित किया गया। बैठक में महापौर अलका बाघमार, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, निलेश अग्रवाल, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, लीना दिनेश देवांगन, लीलाधर पाल, मनीष साहू सहित भाजपा-कांग्रेस के पार्षद, एल्डरमैन, आयुक्त लीना कोसम और निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





भाजपा पार्षदों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

सामान्य सभा के शुरुआती करीब दो घंटे आरोप-प्रत्यारोप और हंगामे के बीच बीते। इस दौरान भाजपा पार्षदों ने निगम के विभिन्न विभागों में कथित भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के आरोप भी लगाए। कांग्रेस पार्षदों ने भी इन आरोपों और शहर की समस्याओं को लेकर सत्तापक्ष से जवाब मांगा। एजेंडों पर चर्चा शुरू होने के बाद भी सदन में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। कई बार शोर-शराबे की स्थिति बनी।

बैठक नियमित नहीं होने पर भाजपा पार्षद ने उठाया सवाल

पद्मनाभपुर वार्ड के भाजपा पार्षद संजय अग्रवाल ने सामान्य सभा नियमित रूप से नहीं बुलाए जाने का मुद्दा उठाते हुए महापौर से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि महापौर ने प्रत्येक दो माह में सामान्य सभा आयोजित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ। उन्होंने शहर की व्यवस्थाओं को लेकर भी नाराजगी जताई। सभापति श्याम शर्मा ने कई बार उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन संजय अग्रवाल महापौर से जवाब देने की मांग पर अड़े रहे। भाजपा पार्षद कुलेश्वर साहू सहित अन्य पार्षदों ने भी शहर की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी।

मूलभूत सुविधाओं का उठा मुद्दा

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने मूलभूत सुविधाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कई इलाकों में स्ट्रीट लाइट खराब है। मुख्य सड़कों के साथ वार्डों की सड़कें भी जर्जर हैं। उन्होंने आवारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं, जलभराव, नाली-नालों की सफाई, पेयजल संकट और एसएलआरएम सेंटरों की स्थिति को लेकर जवाब मांगा। अन्य पार्षदों ने जलसंकट, सफाई व्यवस्था, एसएलआरएम सेंटरों की बदहाली और वार्डों में विकास कार्यों की स्थिति पर सवाल उठाए। एक पार्षद ने कि कहा कि वार्ड में निकलते समय चेहरे पर गमछा डालना पड़ता है, क्योंकि लोग विकास और मूलभूत सुविधाओं को लेकर उन्हें घेर लेते हैं।

शहर के अधोसंरचना और जल व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

अधोसंरचना मद अंतर्गत साइंस कॉलेज के बाजू स्थित केनाल रोड पर जी.ई. रोड से स्टेशन रोड तक केनाल रोड निर्माण कार्य के लिए 522.65 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव को बहुमत से पारित किया गया। नगरोत्थान योजना अंतर्गत निगम के फिल्टर प्लांट, इंटेकवेल एवं उच्च स्तरीय जलागार क्षेत्रों के उन्नयन कार्य के लिए 303.70 लाख रुपये की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव को भी बहुमत से मंजूरी दी गई। इसी योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 अम्बेडकर आवास से शक्तिनगर नाला, हरी नगर से रजत होम्स, टोल प्लाजा से धमधा रोड तथा आरोग्यम हॉस्पिटल से शक्तिनगर नाला तक नाला निर्माण कार्य के लिए 363.83 लाख रुपये की स्वीकृति का प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया। वहीं नगरोत्थान योजना के तहत उरला मुख्य मार्ग से प्रस्तावित एसटीपी तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए 297.04 लाख रुपये की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव को भी सदन ने बहुमत से पारित किया।

पूर्व पार्षद स्व. चैनसुख भट्टड़ के नाम पर मार्ग का नामकरण पर सहमति

सामान्य सभा में पूर्व पार्षद और समाजसेवी स्वर्गीय चैनसुख भट्टड़ के सम्मान में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। स्वर्गीय चैनसुख भट्टड़ ने अपने जीवनकाल में समाज सेवा, जनसेवा एवं सार्वजनिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। तहसील कार्यालय से बीजेपी कार्यालय होते हुए शनिचरी बाजार चौक तक स्वर्गीय चैनसुख भट्टड़ मार्ग के नाम से जाना जाएगा। वे क्षेत्र के सम्मानित औरवं सर्वप्रिय व्यक्तित्व रहे। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से उनका आत्मीय एवं सहयोगपूर्ण संबंध रहा। दिगंबर जैन मंदिर गली मार्ग का नाम परिवर्तित कर स्वर्गीय चैनसुख भट्टड़ मार्ग किए जाने का प्रस्ताव सदन में रखा गया। प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इंदिरा मार्केट के कुंआ चौक का नाम अब परशुराम चौक

राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज दुर्ग द्वारा 22 सितंबर को दिए गए आवेदन पर भी चर्चा की गई। समाज द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित कुंआ चौक का नामकरण भगवान परशुराम चौक करने तथा भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना की मांग की गई थी। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया कि श्री राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा शहर की विभिन्न गतिविधियों में सामाजिक समरसता और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में योगदान दिया जाता रहा है। चौक का नामकरण भगवान परशुराम के नाम से करने और मूर्ति स्थापना के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

दुर्ग निगम ने दी आरटीआई की गलत जानकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी ने दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की सफाई व्यवस्था और स्वच्छता कर्मचारियों से जुड़े आंकड़ों की जानकारी अब निगम प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी। आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत दायर प्रथम अपील पर प्रथम अपीलीय अधिकारी ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को 7 दिनों के भीतर मांगी गई जानकारी निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह मामला प्रथम अपील प्रकरण क्रमांक 0-69 से संबंधित है। 17 सितंबर को हुई सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किया गया। जसप्रीत सिंह ने दुर्ग निगम क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की श्रेणीवार संख्या, वार्डवार और अंचलवार सूची, ठेका एजेंसियों के नाम-पते, कार्य आदेश तथा स्वीकृत दैनिक या मासिक मानदेय और वेतन दरों से संबंधित प्रमाणित दस्तावेज मांगे थे। जसप्रीत सिंह के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूर्व में उपलब्ध कराई गई जानकारी उनके आवेदन के अनुरूप पर्याप्त नहीं थी। इसके बाद उन्होंने 13 अगस्त को प्रथम अपील दायर की। सुनवाई के बाद प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जन सूचना अधिकारी, नगर पालिक निगम दुर्ग ने स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को मूल आवेदन में मांगी गई संपूर्ण जानकारी 7 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

- 7 दिनों के भीतर मांगी जानकारी उपलब्ध कराने कहा

177 नियमित, 1025 प्लेसमेंट कर्मचारी होने की जानकारी

पूर्व में उपलब्ध जानकारी में निगम के स्वास्थ्य विभाग में 177 नियमित कर्मचारी, 1025 प्लेसमेंट कर्मचारी और 582 एमसीओसी कर्मचारी कार्यरत बताए गए हैं, जबकि संविदा कर्मचारियों की संख्या शून्य बताई गई है। अब इन कर्मचारियों और ठेका व्यवस्था से जुड़ी विस्तृत जानकारी निगम प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी। जसप्रीत सिंह ने आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि निगम की सफाई व्यवस्था पर खर्च होने वाली राशि और धरातल पर कार्यरत कर्मचारियों की वास्तविक स्थिति से संबंधित जानकारी जनता के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने पर आम आदमी पार्टी जनहित में आगे की कार्रवाई करेगी।

2 करोड़ से संवरेगा रिसाली का दशहरा मैदान, युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए मिलेगा बेहतर मंच

भिलाई। रिसाली के दशहरा मैदान के कायाकल्प का रास्ता साफ हो गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बुधवार को विधिवत पूजा-अर्चना कर करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। विकास कार्य पूरा होने के बाद दशहरा मैदान को आधुनिक और सुविधायुक्त स्वरूप मिलेगा।

सौंदर्यीकरण कार्य के तहत मैदान में हाईमास्ट लाइट, आधुनिक स्ट्रीट लाइट, 100 फीट ऊंचा फ्लैग मास्ट, कबड्डी मैदान, बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम और भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। इससे मैदान में खेल गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के लिए भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि रिसाली दशहरा मैदान केवल एक मैदान नहीं, बल्कि रिसाली की पहचान और यहां की धड़कन है। वर्षभर यहां खेल प्रतियोगिताओं, दशहरा-दिवाली सहित विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक



कार्यक्रमों का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मैदान के विकास की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि मैदान के विकसित होने से क्षेत्र के युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर मंच मिलेगा। कबड्डी मैदान, बैडमिंटन कोर्ट और ओपन जिम जैसी सुविधाओं से युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में अनुपम साहू, राजू जंघेल, पुनाराम कलिहारी, नेशैलेन्द्र साहू, विक्की सोनी, मनोज साहू, पार्षदगण, महिला मोर्चा पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिल्डर्स के निर्माणाधीन मकान पर कार्रवाई

भिलाई। भिलाई निगम ने मंशा कॉलेज के सामने प्लाट-1 कुरूद में स्वीकृत अनुज्ञा के अतिरिक्त ओपन मार्जिनल स्पेस पर मकान बनाने के मामले में कार्रवाई की है। यह मकान बिल्डर आकाश श्रीवास्तव और हर्ष श्रीवास्तव की है। निगम आयुक्त ने 25 सितंबर को नोटिस भेजकर अतिरिक्त निर्माण को रोकने कहा था और जवाब मांगा था। जवाब संतोषजनक प्रस्तुत नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की है।



राहुल गांधी को चुनाव आयोग और देश से भी माफी मांगनी चाहिए : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगभग सौ बार चुनाव हार चुकी है। उनके नेता राहुल गांधी अब बौखलाहट में लगातार देशद्रोही आचरण पर उतारू हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुआई में कांग्रेस अब देश की तमाम संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने, लगातार झूठ और फरेब के राजनीति कर देश को बदनाम करने में जुटी हुई है। बघेल भारतीय जनता पार्टी के जिला भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकारवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे।

- भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता



बघेल ने कहा कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त द्वय की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस से यह साबित हो गया है कि आयोग में मतभेद संबंधी कांग्रेस के तमाम दावे न केवल खोखले हैं, बल्कि जान-बूझ कर देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और भारत की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने की राहुल गांधी की सोची-समझी साजिश है। केंद्रीय चुनाव आयोग की संयुक्त प्रेस नोट से दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। यह फिर से साबित हो गया है कि कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ झूठ, सनसनी और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उसका झूठ फिर से बेनकाब हो गया है। फॉर्म-6 के घोषणापत्र समेत अनेक विषयों पर सर्वोच्च न्यायालय से पहले ही पक्ष में निर्णय आ चुका है, फिर भी कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की नाकाम कोशिश करती रहती है। कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय तथ्यों का सम्मान करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई 2026 को इस प्रक्रिया को कानूनी रूप से वैध ठहराया है। इसके बावजूद विपक्ष चुनाव आयोग की निष्पक्षता और प्रक्रियाओं पर झूठा कीचड़ उछालने का घिनौना काम कर रहा था। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, जिला महामंत्री दिलीप साहू जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रितपाल बेल चंदन जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया उपस्थित रहे।

पीछे की दीवार छोटी होने से बढ़ी परेशानी, जर्जर शौचालय की मरम्मत की मांग

भिलाई-3 पीएचसी का जर्जर शौचालय बना असामाजिक तत्वों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 परिसर का जर्जर शौचालय अब अस्पताल प्रबंधन के लिए परेशानी का कारण बन गया है। अस्पताल के पीछे स्थित इस शौचालय का इस्तेमाल रात के समय

- रात में दीवार फांदकर घुसते हैं असामाजिक तत्व

कथित तौर पर असामाजिक तत्वों द्वारा किया जा रहा है। अंधेरा होने के बाद लोग पीछे की छोटी दीवार फांदकर परिसर में प्रवेश करते हैं और वहां शराब सहित नशे की अन्य सामग्री का सेवन करते हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इस जर्जर शैचालय की मरम्मत और दीवार को ऊंची करने की मांग की है।

रात के समय यहां किसी तरह की अप्रिय घटना होने की आशंका से प्रबंधन चिंतित है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस शौचालय का निर्माण करीब 15 वर्ष पहले पार्षद निधि से कराया गया था। समय के साथ रखरखाव के अभाव में इसकी स्थिति खराब होती चली गई। वर्तमान में भवन जर्जर हालत में है और इसके संधारण की जरुरत है। इसके दरवाजे भी टूट चुके हैं। इस कारण अस्पताल आने वाले मरीज व उनके परिजनों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन का कहना है कि शौचालय की मरम्मत और संधारण के लिए नगर निगम से संपर्क किया जा चुका है, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।







छोटी दीवार बनी सुरक्षा में बड़ी समस्या

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पीएचसी के पीछे की दीवार काफी छोटी है। इसी का फायदा उठाकर रात में असामाजिक तत्व आसानी से दीवार फांदकर परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। इसके बाद जर्जर शौचालय में बैठकर नशा करते हैं। शराब की बोलतें व डिस्पोजल बिखरे पड़े रहे हैं। अस्पताल जैसे संवेदनशील परिसर में इस तरह बाहरी लोगों की आवाजाही से मरीजों, उनके परिजनों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्रबंधन ने शौचालय के संधारण के साथ पीछे की दीवार को ऊंचा करने करने की जरूरत बताई है।

निगम में सूचना के बाद भी संधारण नहीं

अस्पताल परिसर में दो शौचालय मौजूद है। एक शौचालय जर्जर हालत में है। वहीं दूसरे शौचालय इस्तेमाल के लायक नहीं। इसका सेप्टिट टैंक लंबे समय से भरा हुआ है। दरवाजे भी नहीं है। दोनों के शीघ्र संधारण की आवश्यकता है। नगर निगम में इसकी सूचना दी गई है, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी संधारण नहीं हुआ। -डॉ. शिखर अग्रवाल, प्रभारी, पीएचसी भिलाई 3

रिसाली निगम सेवा संकल्प शिविर में आए 45 आवेदन

भिलाई। नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा बुधवार को लगाए सेवा संकल्प शिविर में कुल 45 आवेदन आए। यह शिविर वार्ड क्र. 35 डुंडेरा पश्चिम, क्र. 36 डुंडेरा पूर्व और वार्ड क्र. 37 जोरातराई के लिए था। डुंडेरा मंगल भवन में लगाए गए शिविर का अवलोकन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया। उन्होंने शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर का शुगर लेबल और ब्लड प्रेशर बिलकुल ठीक था। शिविर में मौजूद चिकित्सक ने उन्हें स्वस्थ होना बताया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर शिविर में आए नागरिकों से बातचीत भी की। उन्होंने संबोधन में कहा कि सरकार शिविर के बहाने आम लोगों के घरों तक पहुंच रही है। समस्याओं को जानने के बाद उनका निराकरण भी कर रही है। विधायक का कहना था कि यह प्रयास केवल आम लोगों को सुविधा प्रदान करना है। शिविर में महापौर परिषद के सदस्य रोहित धनकर, पार्षद खिलेंद्र चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल व अनुपम साहू समेत विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।



खबर संक्षेप



फार्मासिस्टों की भूमिका पर हुआ मंथन

उतई। प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी, महकाखुर्द में 'स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना' थीम पर विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन रूपेश कुमार गुप्ता और डायरेक्टर ख्याति साहू रहीं। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अंजना शरद, डॉ. दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी और ललित कुमार उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वास्थ्य सेवाओं और स्वस्थ भविष्य के निर्माण में फार्मासिस्टों के योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा छात्रों के लिए क्विज व अंताक्षरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. सीमा कश्यप के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक खिलेंद्र कुमार ठाकुर, बी. शिबानी पात्रा, कंचन चौधरी और चंचल साहू ने किया।

धमधा में 83वें दशहरा महोत्सव की तैयारी शुरू

धमधा। नगर में 83वें विशाल दशहरा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए जनप्रतिनिधियों, रामलीला समिति के सदस्यों व गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। इस वर्ष अधिक जगह और बेहतर सुविधाओं के लिए महोत्सव के स्थल में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस बार विशाल रावण पुतला दहन और लोक रंगमंच की प्रस्तुतियां प्रमुख आकर्षण होंगी। राजेंद्र ताम्रकार ने जानकारी दी कि तमेर पारा की विख्यात रामलीला समिति पिछले 83 वर्षों से लगातार मंचन कर रही है, जिसकी शुरुआत स्वर्गीय पंचमसिंह ताम्रकार ने की थी। वहीं स्वर्गीय शिवकुमार ढीमर द्वारा 50 वर्ष पूर्व शुरू की गई रामधुनी की परंपरा भी निभाई जाएगी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल, विकास अग्रवाल, बृजेन्द्र दानी, पूर्णेन्द तिवारी, राजेंद्र ताम्रकार, पार्षद मालिक मोहम्मद कुरैशी, विजय ढीमर, आनंद ढीमर, लक्ष्मीनारायण यादव, चंद्रिका भट्ट, अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

निधन

शिवकली मोगरे

भिलाई। आमानाका रायपुर निवासी शिवकली मोगरे का निधन



निधन हो गया। इनकी अंतिम यात्रा 1 अक्टूबर सुबह 11 बजे सेक्टर-1, सड़क-6 भिलाई नगर से रामनगर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे अपने पीछे पुत्र संजय मोगरे, अजय मोगरे, पुत्री हेमलता मोगरे, रश्मि मोगरे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

तीरथ राम साहू

भिलाई। पंचशील नगर (पूर्व) भिलाई चरोदा निवासी तीरथ राम साहू (57 वर्ष) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार चरोदा मुक्तिधाम में किया गया। वे ऊषा साहू के पति, अधिवक्ता ओंकार साहू के बहनोई, अधिवक्ता सौरभ साहू, कुमारी मुक्त साहू के पिता थे।



आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 853 का टुकड़ा रकबा 1600 वर्गफीट है, जो मेरे पक्षकार धीरजलाल देवांगन के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज था जिसे राजा राम आ० हरिराम साहू निवासी वार्ड नं. 5 मरारपारा उरला रोड दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग द्वारा दिनांक 13.06.1982 को क्रय करना बताते हुए तहसीलदार दुर्ग के समक्ष नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसका रा.प्र.क्र. 20240510070 44 / अ-6 वर्ष 2023-24 है जिसमें तहसीलदार दुर्ग के द्वारा आदेश पारित किया गया था जिसका अपील मेरे पक्षकार के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग के समक्ष किया गया था जिसका रा.प्र.क्र. 20250210040009 6/अ-6 वर्ष 2024-25 जिसमें अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तहसीलदार द्वारा पारित आदेश को निरस्त करते हुए प्रकरण पुनः तहसीलदार के समक्ष विचारण हेतु प्रेषित किया गया है जो वर्तमान में तहसीलदार के न्यायालय में लम्बित है। उपरोक्त भूमि को राजाराम साहू के द्वारा दिनांक 20.06.2025 को प्रकरण के लंबनकाल के दौरान विक्रय कर दिया गया है जो सर्वथा विधि विपरीत होने के कारण शून्य है तथा इस संबंध में प्रकरण माननीय व्यवहार न्यायालय के समक्ष भी लम्बित है। ऐसी स्थिति में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त भूमि का क्रय-विक्रय किया जाता है तो विधि विरूद्ध होगा एवं उसके लिए क्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की विधिक कार्यवाहियों का सामना करना पड़ सकता है।

सो सूचना जाने। भवदीय
दुर्ग, छ.ग. राजेश कुमार देवांगन
दिनांक - 29.09.2026 अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग (छ०ग०)
मोबाइल नं. 9893147232

दुर्ग क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

42 करोड़ का 132 केवी विद्युत स्टेशन हुआ चार्ज, 67 गांवों को मिलेगी निर्बाध बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

क्षेत्र की विद्युत पारेषण व्यवस्था को सुदृढ़ एवं भरोसेमंद बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 42 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित 132/33 केवी सब-स्टेशन एवं लाइन औरी (जामगांव) को सफलतापूर्वक चार्ज एवं कमीशन कर दिया गया है। सब-स्टेशन के कमीशनिंग का कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला के हाथों संपन्न हुआ। ग्राम औरी में 132 केवी विद्युत लाइन को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ चार्ज किया गया। यह पूजन कार्य जामगांव आर के पुरोहित मुकेश शुक्ला द्वारा संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ट्रांसमिशन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश कुमार शुक्ला ने इस उपलब्धि को क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ पूजन कार्यक्रम





67 गांवों के 35,000 उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

सहायक अभियंता भूपेश वर्मा ने बताया कि पहले जामगांव आर, गाड़ाडीह, बेलहारी, रिवागहन, और सेलूद जैसे क्षेत्रों को बिजली आपूर्ति के लिए पाटन तथा इरगुड़ा 132 केवी सब-स्टेशनों पर निर्भर रहना पड़ता था। दूरी अधिक होने के कारण अक्सर वोल्टेज ड्राप और ब्रेकडाउन की समस्याएं आती थीं। अब औरी में सब-स्टेशन शुरू होने से दूरी कम हो गई है, जिससे लो-वोल्टेज और त्वरित ब्रेकडाउन जैसी समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी। इस सुविधा का प्रत्यक्ष लाभ उतई सहित 67 ग्रामों के लगभग 35,000 उपभोक्ताओं को मिलेगा। वहीं जामगांव आर की कनिष्ठ यंत्री ऋचा साहू ने बताया कि वितरण विभाग द्वारा क्षेत्र में सुचारू बिजली आपूर्ति की निगरानी की जा रही है।

वरिष्ठ अधिकारियों और टीमों का सराहनीय योगदान

कार्यक्रम में सीएसपीटीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी- ईडी (लाइन) संजय पटेल, ईडी (ट्रांसमिशन) वी.के. दीक्षित, ईडी (पीसी एवं आए) के.एस. मनोटिया, ईडी (फाइनेंस) एम.एस. चौहान, ईडी (डीआर) एस.के. सलोट, मुख्य अभियंता (सिविल) संजय तिवारी, मुख्य अभियंता (सब-स्टेशन) अब्राहम वर्गीस, मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) प्रसन्ना गोसावी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आई.एस. कंवर, आर.के. तिवारी, पी.पी. सिंह तथा अधीक्षण अभियंता सुनील के. भार्या, करुणेश यादव, विक्रम मंडाना, पुष्पा पिल्लई व कंचन हिशीकर सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। सब-स्टेशन के सफल निर्माण और परीक्षण में प्रोजेक्ट, ईएचटी, सब-स्टेशन, सिविल और सी एंड टीएम विंग की टीमों के समन्वित प्रयास की सराहना की गई।

सेलूद में महतारी सदन का लोकार्पण सरपंच ने सांसद से की विकास की मांग

उतई/पाटन। ग्राम सेलूद में नवनिर्मित महतारी सदन के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल का ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच ने गांव के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मांग पत्र सौंपा।इनमें



सीमेंटीकरण व सीसी रोड निर्माण में वार्ड 14 में पिताम्बर मानिकपुरी के घर से जैत खाम चौक तक, रमेश कश्यप से तिवारी के घर तक, तथा राज यादव से रूपराम के घर तक; वार्ड 10 व 11 में शंभू बन्छोर से नरेन्द्र बन्छोर के घर तक; वार्ड 20 भाठापारा में तोमन साहू (सूरदास) से संजय यादव के घर तक, तथा कला मंच से कृष्णा यादव के घर तक; बावाकुटी मुख्य मार्ग से दीपक मेश्राम के घर तक; वार्ड 11 में शम्भू बंछोर से सुरेन्द्र बंछोर के घर तक; वार्ड 18 में प्रधानमंत्री आवास योजना मार्ग पर; वार्ड 15 की विभिन्न गलियों में; तथा वार्ड 17 में जागेश्वर यादव के घर से मेन रोड तक शामिल हैं। इसी तरह नाली निर्माण में वार्ड 7 में नन्दु यादव से केवरा साहू के घर तक (नाली व सीसी रोड); वार्ड 1 में HDFC बैंक से दुर्ध्यंत द्विवेदी के घर तक; वार्ड 18 में लल्लू यादु से कौशल यादव के घर तक, तथा अंथु यादव से कलऊ तालाब तक; वार्ड 4 में कौशल के घर से पवन साहू के घर तक. अन्य निर्माण व जनसुविधाएं: वार्ड 18 में गन्नु ठाकुर के घर के पास पुल निर्माण; वार्ड 2, 3, 11, 12, 20 एवं स्कूल खेल मैदान में बोरिंग उत्खनन में बावाकुटी स्थित मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय निर्माण व सौंदर्यकरण; वार्ड 15 व 16 में सांस्कृतिक कला मंच निर्माण; भाठापारा में राशन दुकान निर्माण; और गांव के प्रमुख स्थलों पर वृद्धजनों के बैठने के लिए गार्डन कुर्सी की व्यवस्था शामिल हैं।

सहकारिता से किसानों के आर्थिक उत्थान पर बल, सभी एजेंडे ध्वनिमत से मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

सेवा सहकारी समिति मर्यादित लिटिया (पंजीयन क्र.-2511) में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक में समिति कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग से जुड़ी मांगों, आय-व्यय और आगामी कार्ययोजना के सभी प्रस्तावों को सदस्यों ने सर्वसम्मति एवं ध्वनिमत से पारित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व संचालक शिवकुमार चंद्राकर रहे। बैठक का संचालन प्राधिकृत अधिकारी चुम्मन लाल साहू एवं संस्था प्रभारी अरविंद कुमार साहू की देखरेख में हुआ।

आयोजन में पर्यवेक्षक दीपक कुमार साहू, लिपिक लुकेश साहू, चौकीदार राजेश साहू, लिटिया सरपंच हेमकरण वर्मा, अरसी सरपंच सुभाष वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बोरी अजय उमरे, पूर्व समिति अध्यक्ष योगेश्वर दिल्लीवार, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ईश्वर देवांगन, तोरण डेहरिया, किशन वर्मा,



■ सेवा सहकारी समिति लिटिया की वार्षिक आमसभा में कर्मचारियों की वेतन वृद्धि का प्रस्ताव पारित

प्रदीप कुमार सिन्हा, नीलकंठ साहू, लतमार साहू, छन्नू लाल साहू, भीखम वर्मा, लीलाधर धनकर, मानुराम साहू, धरमनाथ वर्मा, मनोज डेहरिया, सनत टंडन, माखन निषाद, राजेश सिन्हा, धनाऊ बंजारे, मन्नूलाल डेहरिया, हेमकरण साहू, मंतोष यादव, रतनलाल साहू, दुखवा साहू, कुमार साहू, सुखचंत कोशरे, कामता सिंहा, शेखजिबराइल, पुकन साहू, शेषनारायण वर्मा, दिनेश उमरे, दानेश्वर मानिकपुरी और यशवंत वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



मचांदुर महाविद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

उतई। दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर में रेड रिबन क्लब, यूथ रेड क्रॉस और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ. संगीता मैहुरिया के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी विकास कुमार टांडेकर की अगुवाई में आरोग्यम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग के सहयोग से 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ जन भागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण यदु की स्वास्थ्य जांच से हुआ। पंजाब नेशनल बैंक रिसाली शाखा के प्रबंधक राजेंद्र हरपाल, छात्र धर्मेंद्र साहू, कामदेव, धर्मेश साहू और हिमांशु देवांगन सहित कुल 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

बायो सीएनजी प्लांट के विरोध में फूटा जनआक्रोश अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की तैयारी में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओखरा/अहिवारा

अहिवारा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम खेरधा में प्रस्तावित बायो सीएनजी प्लांट का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है।

प्लांट निर्माण के विरोध में खेरधा, मोहंदी, नारधा, रिंगनी, ओखरा और मुड़पार (चेटूआ) सहित सात गांवों के

■ खेरधा में 7 गांवों के ग्रामीणों ने दी चेतावनी

जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण एकजुट हो गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बायो सीएनजी प्लांट स्थापित होने से भारी दुर्गंध, वायु व जल प्रदूषण फैलेगा। इससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा और आसपास की कृषि भूमि भी प्रभावित होगी। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बायो सीएनजी प्लांट बंद करो-बंद करो के गगनभेदी नारे लगाए।



5 को महापंचायत और अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान

ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 5 अक्टूबर को ग्राम मोहंदी में सातों गांवों की महापंचायत आयोजित की जाएगी। यदि जिला प्रशासन या राज्य सरकार प्लांट की स्थापना पर पूर्ण रूप से रोक नहीं लगाती है, तो ग्रामीण सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

जमराव में निचले इलाके जलमग्न, राहत की मांग

पाटन। पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमराव में नदी का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों के कई घरों में पानी भर गया है। इससे लोगों का अनाज, घरेलू सामान खराब हो गया है और



पेयजल, भोजन, बिजली, आवागमन व स्वास्थ्य सुविधाओं की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। हालात का जायजा लेने पहुंचीं जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा सुनी। ग्रामीणों ने नाव, सुरक्षित आश्रय, राशन, दवाइयां, पशु चारा और बिजली बहाल करने की मांग रखी। जनसमस्याओं को देखते हुए जनपद अध्यक्ष ने तत्काल कलेक्टर से सीधे संवाद कर राहत सामग्री पहुंचाने, जलभराव से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने, स्वास्थ्य शिविर लगाने व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। राजस्व, स्वास्थ्य, पंचायत और आपदा प्रबंधन टीमों को सक्रिय कर राहत व बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।

बिजनेस साइट

व्यवसायिक प्रशिक्षण कम शुल्क में संपूर्ण तकनीकी शिक्षा



भिलाई। पावर हाउस भिलाई स्थित 36 वर्ष पुरानी इंदु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट, जो आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है। वहां प्रेक्टिकल आधारित कोर्स कराये जाते हैं। इससे प्रशिक्षण के बाद प्रेक्टिस करने की आवश्यकता नहीं होती है। इसका लाभ लेकर हर साल बड़ी संख्या में बेरोजगार अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं। यह संस्था में समय-समय पर तकनीकी कंपनियां तथा प्लेसमेंट एजेंसी को जॉब हेतु संपर्क करती है। संस्था में मोबाईल हार्डवेयर/ सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल, फ्रिज-एसी, इन सभी विषयों का प्रेक्टिकल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट एकमात्र संस्था है जो तकनीकी प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के आधुनिक एनीमेशन का उपयोग करती है इससे कोर्स सरलता से छात्र-छात्राओं की समझ में आ जाते हैं। इसमें शैक्षणिक योग्यता का कोई मापदंड नहीं है किसी भी स्तर के छात्र-छात्राएं इन कोर्सेस को सरलता से पूर्ण कर सकते हैं। कोर्स पूर्ण करने में अतिरिक्त समय भी लगता है तो कोई अतरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता। छात्र कोर्स से संबंधित निःशुल्क परामर्श कभी भी ले सकते है। सभी कोर्स सरल हिन्दी में कराए जाते हैं। फीस के बारे में कहा जा सकता है कि जेब खर्च के बराबर फीस अर्थात अत्यंत कम शुल्क में ये कोर्स कराये जाते हैं। यहां संपूर्ण छत्तीसगढ़ सहित बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उड़ीसा आदि के साथ-साथ नेपाल से भी छात्र आते हैं। बाहरी छात्रों के लिए छात्रावास है। नौकरीपेशा या बेरोजगार कोई भी हर दिन 1.30 घंटे का समय देकर कोर्स कर सकता है।

अंचल की खबरें

श्रीराम कथा में बताई जीवन जीने की कला

उतई। धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति, दुर्ग ग्रामीण के तत्वावधान में ग्राम बोरीगारका (पाऊवारा) में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक आचार्य पंडित युवराज पांडेय ने कहा कि रामचरित मानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है जो मानव को आदर्श जीवन और राजनीति में धर्म के पालन की शिक्षा देता है। कथा में भगवान श्री राम के बाल्यकाल प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। आयोजन में हजारों श्रोता उपस्थित थे। कथा का समापन 4 अक्टूबर को होगा।



बच्चों का पोषण स्तर सुधारने दिलाया भरोसा



दुर्ग। गोता के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय और आंगनवाड़ी के बीच समन्वय को मजबूत करना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में गरिमामयी माहौल में हुआ। इस अवसर पर जनपद सदस्य धमधा राजेश कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच लोमस साहू ने की। राजेश कुमार साहू ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास की पहली पाठशाला है। उन्होंने समुदाय के लोगों से आंगनवाड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। सरपंच श्री लोमस साहू ने ग्राम पंचायत की ओर से आंगनवाड़ी केंद्रों के विकास और बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस कार्यक्रम में शाला प्रधान पाठक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायता समूह की महिलाएं, मितानिन दीदी, महिला पंच और बड़ी संख्या में ग्राम की नारी शक्ति उपस्थित रहीं। उपस्थित वक्ताओं ने बच्चों के पोषण, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

जिला किसान कांग्रेस दुर्ग में संगठन का विस्तार

अंडा। जिला किसान कांग्रेस कमेटी दुर्ग के संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 19 नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर ने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन एवं सहमति से आदेश जारी किया है। नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों में उपाध्यक्षः गणेश साहू (चुलगहन, पाटन), देवेश चंद्राकर (सांतरा, पाटन), तुलसी राम





सिन्हा (झीट, पाटन), कामदेव साहू (बोरी, धमधा), पुरेंद्र वर्मा (खोपली, दुर्ग ग्रामीण)। महामंत्रीः देवेंद्र चंद्रवंशी (पंदर, पाटन), रामशरण बंधे (सांकरा मोतीपुर, पाटन), मोनू साहू (कुम्हारी, पाटन), सतीश कुमार सिन्हा (पगबंधी, धमधा), घसिया देशमुख (तिरगा, दुर्ग ग्रामीण)। नवनियुक्त ब्लॉक पदाधिकारियों में अध्यक्षः लक्ष्मीनारायण पटेल (पाटन ब्लॉक), मोरजध्वज चंद्राकर (जामगांव आर ब्लॉक), महेश सोनकर (कुम्हारी), लुमेश्वर सिंह पटेल (धमधा ब्लॉक), योगेंद्र कुमार भारतीय (दुर्ग ग्रामीण)। उपाध्यक्षः हीरालाल साहू (धमधा ब्लॉक), हेमंत कुमार ऋषि (दुर्ग ग्रामीण)। महामंत्रीः उत्तम सोनकर (धमधा ब्लॉक), शिवकुमार साहू (दुर्ग ग्रामीण) शामिल है। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर ने बताया कि संगठन विस्तार की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी और शेष पदों पर जल्द नई सूची जारी की जाएगी।

दीर्घकालीन कृषि ऋण सुविधाएं बहाल करने पर जोर



अंडा। सेवा सहकारी समिति कुथरेल में आयोजित आमसभा में किसानों की समस्याओं और समिति के कामकाज पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में अध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष शिवनारायण दिल्लीवार, जिला सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष टीकाराम साहू, पूर्व सदस्य धरमपाल पिपरिया, रामाधर यादव, लखन दिल्लीवार, उपसरपंच लोकनाथ साहू और जिला सहकारी बैंक अंडा के शाखा प्रबंधक आर. के. जगदल्ले उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष शिवनारायण दिल्लीवार ने किसानों की मंशा के अनुसार 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने तथा समिति में दीर्घकालीन कृषि ऋण सेवाओं को पुनः शुरू करने की मांग रखी। बैठक में कृषक धनी राम चंद्राकर, राजकुमार साहू, यशवंत चंद्राकर, मोती, रोहित, पंचुराम दिल्लीवार, समिति प्रबंधक अमन पाण्डेय, सहायक प्रबंधक योगेश साहू, लोकेश दिल्लीवार, भूमा दिल्लीवार, लोचन साहू, हेमंत साहू, मोती लाल साहू और मनीष चंद्राकर सहित आसपास के गांवों के किसान उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

सिविक सेंटर में डाक अदालत का आयोजन आज

भिलाई। अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग सिविक सेंटर द्वारा डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर परिचर्चा कर उनका समाधान करने संभागीय स्तर पर डाक अदालत का आयोजन 1 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से किया जाएगा। डाक समस्याओं से संबंधित शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का विवरण, काउंटर सेवाएं, अघुबचत योजनाएं, रजिस्ट्री, मनी आर्डर, व्हिपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा आदि का समाधान डाक अदालत में किया जएगा।

जेपी प्रतिमा स्थल में परिचर्चा आज

भिलाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे आचार्य नरेंद्र देव जन अधिकार अभियान समिति द्वारा जेपी प्रतिमा स्थल सुपेला में परिचर्चा आयोजित है । इसका विषय केंद्रीय चुनाव आयोग की संदिग्ध गतिविधियों से हमारा लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। संयोजक आरपी शर्मा ने बताया कि परिचर्चा बाद राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त की बर्खास्तगी की मांग की जाएगी।

18 अधिकारी व 79 बीएसपी कर्मियों को विदाई



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से माह सितम्बर में 97 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 18 कार्यपालक व 79 गैर-कार्यपालक शामिल हैं।
कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ व सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।
इस अवसर पर बीएसपी के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार तथा प्रबीर कुमार सरकार उपस्थित थे। इसके अलावाभिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को विदाई दी गई। मुख्य महाप्रबंधक प्रशांत ओझा और उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

वेंडर मीट में किया जागरूक

भिलाई। त्रैमासिक प्रिवेंटिव विजिलेंस कैम्पेन के अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल्स मैनेजमेंट विभाग द भिलाई निवास में 'वेंडर मीट का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती सहित कार्यकारी कार्यपालक निदेशक मानस कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओसुनील सिंघल, सीजीएम केसी मिश्रा, अयान कुमार मिश्रा आदि उपस्थि थे। चक्रवर्ती ने अपने सवेंडर्स के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया। सुनील सिंघल ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

भारी बारिश की वजह से बाड़ियों की सब्जी की फसल हो गई है खराब

आसमान छूने लगे सब्जियों के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पिछले दिनों भारी बारिश की वजह से जिले की सब्जी बाड़ी डूब गई जिससे फसलों को काफी क्षति पहुंची है। सबसे ज्यादा टमाटर की फसल खराब हुई है। जिले के धमधा क्षेत्र टमाटर फसल का हब माना जाता है। यहां से पूरे प्रदेश और दीगर राज्यों में टमाटर की सप्लाई होती है। फूलगोभी, बंदगोभी, बरबट्टी, परवल, कुंदरू, करेला, मिर्चीं और धनिया, लालभाजी, पालक, चौलाई मैथी, सेमी, प्याजभाजी को काफी नुकसान पहुंचा है। जिसकी वजह से बाजार में अचानक सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं।

आम लोगों को सब्जी खरीदना हो गया है मुश्किल



इन गावों में सबसे ज्यादा तबाही

शिवनाथ नदी के किनारे के अरसारा. समोदा, करंजा, भिलाई, सहगांव, मोथली, अंडा, चिखली, डूमरडीह, महमरा, भिलाई, पीपरछेड़ी, गनियारी, आलबरस, खपरी, भरदा,, खांडा, दाबा, झोला, सिलोदा, विनायकपुर, खाड़ा, चंगोरी, भटगांव, पीसेगांव, डांडेसरा, सगनी, ननकट्टी, सिल्ली, पथरिया, डोमा, बसनी, बेलौदी. मालूद , सेलूद, गोंडपेंड्री, खारून नदी के किनारे अमलेश्वर सहित कई गांव की बाड़ियां पानी में डूबी रही। जिससे फसल चौपट हुई है।

गोभी 80 रुपए, करेला 70 रुपए किलो बिकने लगा

बाजार में गोभी 80 रुपए प्रति किलो बिक रही है। दस दिन पहले गोभी के दाम 40 रुपए प्रति किलो था। करेला 70 रुपए प्रति किलो हो गया है। यह पहले 40 से 50 रुपए प्रति किलो था। बरबटी 40 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 60 रुपए तक पहुंच गया है। बंद गोभी 30 रुपए प्रति किलो से सीधे 60 रुपए हो गया है। कुंदरू 60 रुपए और परवल भी 60 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। कुंदरू पहले 40 रुपए और परवल 40 से 45 रुपए था।

पालक, लाल व चौलाई 60 रुपए किलो

भारी बारिश से सबसे ज्यादा क्षति पालक, लाल और चौलाई की सब्जियों को हुई है। इसलिए अचानक बाजार में इनके दाम दोगुने हो गए हैं। लाल, पालक और चौलाई 60 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। प्याज भाजी भी 70 रुपए पहुंच गया है। मिर्ची और धनिया के दाम भी काफी ऊंचे हो गए हैं। धनिया 100 से 150 रुपए और मिर्ची 200 रुपए किलो में बेचे जा रहे हैं। सेमी 80 रुपए किलो बेचे जा रहे हैं। पहले यह 60 रुपए किलो था।

टमाटर 60 रुपए किलो पहुंचा, प्याज भी रूला रहा

जिले में टमाटर की पैदावारी होती है। टमाटर दस दिन पहले यानी बारिश के पहले 25 से 30 रुपए किलो बिक रहा था। यह सीधे उछाल मारकर 50 से 60 रुपए किलो पहुंच गया है। टमाटर की खपत हर घरों में सबसे ज्यादा होती है। हाल यह है कि लोग पहले 3 किलो से 5 किलो टमाटर एक साथ लेकर जाते थे वे अब केवल एक किलो टमाटर खरीदने मजबूर हैं। प्याज के दाम भी 60 से 65 रुपए प्रति किलो पहुंच गया है।

टमाटर 60 रुपए किलो पहुंचा, प्याज भी रूला रहा

जिले में टमाटर की पैदावारी होती है। टमाटर दस दिन पहले यानी बारिश के पहले 25 से 30 रुपए किलो बिक रहा था। यह सीधे उछाल मारकर 50 से 60 रुपए किलो पहुंच गया है। टमाटर की खपत हर घरों में सबसे ज्यादा होती है। हाल यह है कि लोग पहले 3 किलो से 5 किलो टमाटर एक साथ लेकर जाते थे वे अब केवल एक किलो टमाटर खरीदने मजबूर हैं। प्याज के दाम भी 60 से 65 रुपए प्रति किलो पहुंच गया है।

जिले में 7923 .23 हजार हेक्टेयर में साग-सब्जी की खेती

दुर्ग जिले के 7923.23 हजार हेक्टेयर में साग सब्जी की पैदावारी हो रही है। जिसमें 380280 मिट्रिक टन टन की पैदावारी होती है। भारी बारिश से सब्जी बाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा है। इसलिए अचानक से साग-सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। पथरिया के किसान संदीप सोलंकी, बोड़ेगांव के किसान भूपेंद देशमुख, युवराज देशमुख, नारायण देशमुख, अनिता चौहान आदि ने बताया कि भारी बारिश की वजह से बाड़ी में पानी भर गया था। पानी तो निकल गया है लेकिन फसल काफी खराब हो गई है। रोजाना सब्जियां निकल रही थी लेकिन यह बंद हो गया है। गोभी, टमाटर की नई फसल थी वह चौपट हो गई है। नर्सरी खराब हो गई है। नई नर्सरी लगाने की जरूरत पड़ेगी। कुदंरू के फूल पूरी तरह झड़ गए। सभी फसलों का ऐसा ही हाल है।

हाइवा की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

नेशनल हाईवे पर बुधवार दोपहर एक अनियंत्रित हाइवा डंपर ने साइकिल सवार महिला को रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान वार्ड क्रमांक 4 (रामनगर) निवासी पुष्पा श्रीवास (पति स्व. रमेश श्रीवास) के रूप में की गई है।



■ घर-घर जाकर काम करती थी मृतका

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पा श्रीवास रोजाना की तरह अपनी साइकिल से वार्ड क्रमांक 10 (शंकर नगर) की ओर घर-घर जाकर मालिश का काम करने जा रही थीं। दोपहर लगभग 12:30 बजे जैसे ही वह गुजराती समाज भवन के पास मोड़ पर पहुंचीं, अहिवारा-धमधा मार्ग से आ रहे मिट्टी लदे हाइवा डंपर (क्रमांक सीजी 07 डीबी 8177) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुष्पा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद मिली सहायता राशि

दुर्घटना की खबर मिलते ही कुम्हारी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला (भिलाई) मर्चुरी भेजा गया और हाइवा को जब्त कर लिया गया। घटना की सूचना पर वार्ड 4 के पार्षद उमाकांत साहू, पूर्व पार्षद मनहरण यादव, वार्ड 10 के पार्षद हरिदास वैष्णव, पूर्व पार्षद सुधाकर त्रिपाठी, राजकुमार सिंह, शुभम पाण्डेय तथा वार्ड 15 के पार्षद अनुराग गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिक थाने पहुंचे। जनप्रतिनिधियों की पहल पर हाइवा मालिक द्वारा मृतका के परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु तत्काल सम्मानजनक आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। मृतका अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गई हैं। कुम्हारी पुलिस फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

पार्षद पति ने वार्ड के लोगों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के पार्षद पति की दबंगई के चलते रेलवे के गुड्स ट्रेन मैजेजर के परिवार के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि राजू प्रसाद के मकान के सामने बने पुलिया को अतक्रिमण द्वारा हटाने को लेकर तोड़ने की बात पूछने पर ही पार्षद पति राजेश यादव समेत अन्य लोगों ने मिलकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। घटना में पत्नि अंजली प्रसाद, मां कुन्ती देवी, साला जय कोईरी को धक्का मुक्की भी किया गया है। घटना में परिवार के सभी लोगों को चोट आई है। पुलिस ने राजू की शिकायत पर राजेश यादव, उसका भाई, अन्य और राजेश की शिकायत पर राजू प्रसाद, जय, अंजली समेत दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना 29 सितंबर की है जिले लेकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे लेकिन पार्षद पति थाने में भी जमकर हंगामा कर दिया। विवाद को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे। राजेश को कई बार कार्यकर्ताओं ने समझाइश दी लेकिन शांत नहीं होने पर पुलिस को दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ गई। पीड़ित राजू का ससुराल और पार्षद भी भाजपा से है।बावजूद आपस में जमकर विवाद हुआ था।

कान्हा महराज पर पत्नी के साथ मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पत्नी के साथ गाली गलौज मारपीट और प्रताड़ना के मामले में पुलिस ने दो पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कोसा नगर निवासी गोपी दुबे का विवाह 10 साल पहले सामाजिक रिति रिवाज से कान्हा दुबे के साथ हुआ था। शादी के बाद से पति कान्हा, ननद, देवर, सास सभी मिलकर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर विवाद करते थे। जिसकी काउसलिंग महिला थाना रायपुर में हुई थी। काउंसलिंग के बाद भी पति कान्हा दुबे लिखित में समझौता कर ससुराल में अलग जगह किराये में रखा था। 12 सितंबर को तीजा मनाने पीड़िता अपने मायके मंदिर हसौद कुरूद गई थी। 29 सितंबर को घर वापस लौटने पर पिता भूषण शर्मा, मां कुंती शर्मा, बहन मनीषा, चाची मोहनी शर्मा ,चाची रश्मि शर्मा के साथ अपने ससुराल पहुंची थी। घर पर पति कान्हा दुबे, सास रतना दुबे, देवर देवा दुबे, देवरानी खुर्शी दुबे थे। जैसे ही पीड़ित ससुराल पहुंची देवर देवा दुबे बाहर का गेट बंद कर दिया। गाली गलौज करने लगा। जब अपने बच्चे को पीड़िता लेने गई तो देवर ने जान से मारने की धमकी देकर बाये गाल में थप्पड़ जड़ दिया। पति कान्हा दुबे, सास रतना दुबे, देवर देवा दुबे, देवरानी खुशी दुबे मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। पीड़िता की बहन मनीषा यादव ने बीच बचाव करने पहुची तो पति कान्हा व देवर देवा दुबे ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना में पीड़ित आदि को चोट आई है। गोपी की शिकायत कान्हा दुबे, देवा, खुशी, रतना और देवा की शिकायत पर पुलिस ने गोपी दुबे, मनीषा यादव, भूषण, कुंती शर्म के शिकायत पर अपराध दर्ज किया है।



पुलिस विभाग से निरीक्षक समेत 6 हुए सेवानिवृत



भिलाई। पुलिस विभाग से निरीक्षक समेत 6 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। कार्यक्रम पुलिस लाइन के प्रशासनिक भवन में 35 से 40 वर्षों तक पुलिस कर्मी अपनी सेवा विभाग को दिया। जिसमें मुख्य लिपिक, एसपी कार्यालय निरीक्षक सावित्री धुर्वे, सउनि अनिल सिंह, रामस्वरूप कुरेशिया, मानसिंह सोनवानी, प्रधान आरक्षक रामलखन सिंह, महिला प्रधान आरक्षक पुसु राजपूत शामिल है। कार्यक्रम में एएसपी शोभराज अग्रवाल, मणीशंकर चंद्रा, कौशलेन्द्र देव पटेल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित कर उनके स्वस्थ उज्ज्वल भविष्य की कमाना की। समारोह में नीलकंठ वर्मा, लाइन निरीक्षक रामकुमार गरेवाल, आंकिक शाखा समेत अन्य मौजूद थे।

मकान से 48 हजार के जेवरात पार

भिलाई। मकान में घुसकर चोरी करने का मामला सामने आया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम मचांदुर निवासी अश्वनी देवांगन फर्नीचर का काम करता है। 20 सितंबर को काम करने भिलाई आया था। मां अरुणा देवांगन भी गांव गई थी घर में छोटा भाई था। जो घर के दरवाजा को खुला कर पडोस के दुकान मे मंजन लाने चला गया था। मकान खाली होने पर अज्ञात ने घर में घुसकर सारे सामान को चोरी कर फरार हो गया। जब मां गांव से वापस घर पहुंची तो आलमारी का लॉक टूटे होने की जानकारी हुई। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगद रकम पार हो गए। सामानों की कीमत 48 हजार रुपए आंकी गई है।

विधायक निधि से डोम शेड का संधारण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा नवरात्रि के शुरू होने से पूर्व डोम शेड के नव निर्माण और संधारण का कार्य शुरू हो गया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने बताया कि सेक्टर 4 वार्ड 58 यूथ क्लब दुर्गा उत्सव समिति सड़क 29 के तत्वाधान से यह हुआ है। संधारण कार्य के पूर्व मां अम्बे की पूजा उपासना कर कार्य की शुरुआत की गई। भिलाई के पंडालों को लेकर दो तरह की स्थिति निर्मित हो रही है। जिसमें एक तरफ ऐसे पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें पर्ची लगा कर भगवानों के दर्शन कराए जा रहे हैं। इस तरह के समितियों के आय का साधन भी बन गया है। वहीं दूसरी तरफ ऐसे भी पंडाल हैं जो आज भी जन सहयोग से पंडालों का निर्माण करते हैं और पूजा ,उपासना, सामाजिक सन्देश देते हुए सत्य सनातन की स्थापना कर रहें है। ऐसी समितियों को विधायक देवेन्द्र यादव से योगदान प्राप्त होने से उनकी भावनाओं में और प्रगाढ़ता आती है। पूजन में जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष कलविंदर सिंह(पोडी काका), पार्षद सुरेश वर्मा, श्याम सुन्दर राव, प्रमोद विश्वास, संतोष मिश्रा, मनोज प्रधान, संगीता ध्रुव, राहुल मिश्रा, महेश महानंद, न्यूब सिंग, कमल महानन्द समेत समिति के कार्यकर्ता मौजूद थे।

आज दिल्ली में बोनस के लिए होगी एनजेसीएस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल कर्मचारियों के सालाना बोसन निर्धारण के लिए कल गुरुवार को दिल्ली में एनजेसीएस की बैठक आयोजित की जा रही है। इसे लेकर यहां बीएसपी कर्मियों को अ धि का धि क एक्सग्रेसिया मिलने की उम्मीद है । वहीं केंद्रीय यूनियनों पर भी पिछले साल से अधिक बोनस दिलवाने की दबाव है। उन्होंने पुराने बोनस फार्मूला को बदलने और प्राफिट के अनुरुप अधिक बोनस दिलाने के लिए एकजुटता बनाने की रणनीति बनाई है। दुर्गापूजा के पूर्व बीएसपी सहित सेल कर्मियों को बोनस तय करने के लिए दिल्ली में सुबह एनजेसीएस बैठक बुलाई गई है। बैठक में एनजेसीएस यूनियनें सेल प्रबंधन से सम्मानजनक बोनस की मांग करेंगी।

■ यूनियनें अधिकाधिक बोनस के लिए बनाएंगी दबाव

इंटक के महासचिव संजय साहू ने बताया बैठक में यूनियन अध्यक्ष संजीव रेड्डी सहित पांचों यूनियन के लोग फार्मूला बदलने की मांग करेंगे। बीएमएस के कार्यकारी अध्यक्ष वीबी सिंह ने बताया कि पिछली बार 29,500 बोनस मिला बोनस गलत फार्मूला का नतीजा था। प्रबंधन पर अधिकाधिक बोनस की मांग करेंगे।



हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



मासक्षमण की ओर अग्रसर चार...

लाइव इवेंट

आरआरबी पैरामेडिकल भर्ती समेत यूपीएससी के विभिन्न पदों के लिए कर सकते हैं आवेदन



भिलाई। पैरामेडिकल भर्ती के लिए 15 सितंबर से आवेदन स्टार्ट कर दिए गए हैं। इस भर्ती के लिए पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल पोर्टल पर rrbapply.gov.in जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 14 अक्टूबर 2026 एवं फीस जमा करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी ने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित क्षेत्र में बीएससी, डिप्लोमा, GNM, D.Pharm, DMLT आदि किया हो। इसके अलावा पैरामेडिकल पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु पदानुसार 18 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमनुसार छूट दी जाएगी। पात्रता एवं मापदंड से जुड़ी अधिक डिटेल के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें। इस भर्ती में आवेदन के साथ ही जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को 500 रुपए जमा करना होगा।

यूपीएससी ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन

संघ लोक सेवा योग की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर, असिस्टेंट एडिटर, पब्लिक लॉ समेत अन्य पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन प्रॉसेस स्टार्ट हो चुकी है और फॉर्म भरने की लास्ट डेट कुछ पदों के लिए 2 अक्टूबर एवं पीएलओ, डीएलओ पोस्ट के लिए 9 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। ऐसे में जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट upsconline.nic.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों ने पद के अनुसार संबंधित क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री-डिप्लोमा / एमबीबीएस / लॉ डिग्री/ जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री या मास कम्युनिकेशन आदि किया हो। पात्रता से जुड़ी पदानुसार जानकारी के लिए उम्मीदवार इस पेज पर दी गई नोटिफिकेशन का अवलोकन कर लें।

लाइव इवेंट

11 बौद्ध भिक्षु मेडिकल शिक्षा के लिए करेंगे देहदान, लिया संकल्प



भिलाई। बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर-6 भिलाई में भिक्खुनी संघ स्थापना दिवस के अवसर पर मानवता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब 11 बौद्ध भिक्खुनियों ने एक साथ अपनी देह मेडिकल शिक्षा के लिए दान करने की घोषणा की। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई ऑल इंडिया भिक्खुनी संघ और महाप्रजापती गौतमी एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस समारोह में यह ऐतिहासिक संकल्प लिया गया।

महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी के अध्यक्ष आशीष चौहान और देहदान प्रभारी डॉ. संजय वालवांद्रे की प्रेरणा और काउंसलिंग से भंते समृद्धी, विमुक्ति, कल्याण बोधि, सुगति, पंचशीला, धम्म सिद्धी, उत्तरा मेत्ता, धम्म मित्रा, रमाई, संघमित्रा और विज्जति भिक्खुनी ने अपनी देहदान वसीयत चंदूलाल चंद्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग को सौंपी। छत्तीसगढ़ में पहली बार भिक्खुनी संघ स्थापना दिवस के अवसर पर इतनी बड़ी संख्या में एक साथ देहदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रजापति गौतमी एजुकेशनल फाउंडेशन एवं ऑल इंडिया भिक्खुनी संघ की राष्ट्रीय सचिव भंते सुनीति भिक्खुनी, विजया मैत्रीय भिक्खुनी, निम्मल मेत्ता भिक्खुनी, महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी के अध्यक्ष आशीष चौहान, संयोजक शैलेन्द्र भगत, संगीता सुखदेवे, नमेश्वरी सोनपिपरे, आरती गनवीर, पुलकित चौहान ने 11 भिक्खुनियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। पांच दिवसीय सिक्खामना भिक्खुनी प्रशिक्षण शिविर में महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण, चश्मा एवं दवा वितरण भी किया गया। जिसमें डॉ. बीएन वाहने, डॉ. संजय वालवांद्रे, प्रविन्द्र चौहान, इंदू उके, गौतम खोब्रागढ़े, पुलकित चौहान, सुषमा रोकड़े, साधना डोंगरे, लता जायसवाल, गिरीश गणवीर, राजेश रामटेके, रीतू महेश्वर, कल्पना मेश्राम, संजू श्यामकुंवर, संदीप वाहने का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सौम्या रामटेके, पवरना मेश्राम, श्रावस्ती रामटेके, पूरवी वाहने, प्रियांशी बंसोड, शालिनी भोईर ने सामूहिक धम्मदेशना गीत प्रस्तुत कर उपस्थित उपासक-उपासिकाओ को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह जानकारी संस्था की सचिव सुनीता पटेल ने दी।



● खेल, रंग और स्वाद के बीच आंगनबाड़ी में गूंजा बच्चों का उत्साह, स्वस्थ शिशुओं और सेवाभावी कर्मियों का सम्मान

पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी से मिला संतुलित आहार का संदेश, खेल-खेल में दिखाई प्रतिभा, फैंसी ड्रेस से बलून रेस तक बच्चों ने बढ़ाया उत्साह

भिलाई। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की चहक, महिलाओं की भागीदारी और पोषण का संदेश एक साथ देखने को मिला। कहीं बच्चों ने फैंसी ड्रेस पहनकर अपनी मासूम अदाओं से मन मोहा तो कहीं बलून रेस में बच्चों का उत्साह देखते ही बना। महिलाओं ने मेहंदी और रंगोली में अपनी रचनात्मकता दिखाई। आंगनबाड़ी केंद्रों में सजी पौष्टिक थाली और व्यंजनों की प्रदर्शनी ने संतुलित आहार का महत्व बताया। इस दौरान स्वस्थ शिशुओं, कुपोषण से सुपोषण की ओर बढ़े बच्चों की माताओं और आंगनबाड़ी सेवाओं से जुड़े कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व मितानिनों का सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। बच्चों, महिलाओं और अभिभावकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।



महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना भिलाई-2 के अंतर्गत संचालित 86 आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित आंगनबाड़ी मिलन कार्यक्रमों की कड़ी में गांधीनगर, आजाद चौक और नेहरू नगर के केंद्रों में विविध गतिविधियां हुईं। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, खेलकूद और मनोरंजक प्रतियोगिताएं कराई गईं। महिलाओं और अभिभावकों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी में संतुलित आहार को थाली के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और बच्चों के लिए न्योता भोज भी रखा गया।



इस अवसर पर कुपोषण से सुपोषण की ओर बढ़े बच्चों की माताओं को सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी के माध्यम से समुदाय में लगातार सेवाएं दे रहीं कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों का भी सम्मान किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों व प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र दिए गए। कार्यक्रम में पार्षद देव कुमारी भलावी, पार्षद शारदा लावेश मदनकर, पूर्व पार्षद तुलसी मरकाम, भाजपा महिला मोर्चा से मीना गिरी, प्रेमलता निर्मलकर और नम्रता विश्वकर्मा उपस्थित रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना भिलाई-2 की परियोजना अधिकारी नीलम राय चौधरी और पर्यवेक्षक इंदू कोशले सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता देशमुख, रामेश्वरी यादव, कविता भारती, सहायिका पिंकी साहू, रीमा कन्नौजे, गीता गजभिए, एएनएम हेमलता निर्मलकर, मितानिन, बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

इसी कड़ी में दुर्ग के वार्ड 10, शंकर नगर नौखोरिया बस्ती में भी आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। बलून रेस में बच्चों ने उत्साह दिखाया, जबकि मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता में महिलाओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दो स्वस्थ शिशुओं का चयन कर सम्मान किया गया। इसके अलावा दो महिलाओं की गोदभराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। 10 किशोरियों और 29 अन्य महिलाओं समेत हितग्राहियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।



कार्यक्रम में पार्षद खालिद रिजवी शेरू, महिला मोर्चा अध्यक्ष दिनेश्वरी पुरकर, पार्षद चंद्रशेखर चंद्राकर, अजीत वैद्य, ज्योति चौहान, छाया सोनी, बब्बीता चौधरी, जाकिर खोखर, वसीम कुरैशी और लक्ष्मता कुशरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। एएनएम पुष्पा धनकर और मितानिन कविता यादव ने भी सहभागिता की। महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

सेवा संकल्प अभियान से बढ़ा जुड़ाव

दोनों स्थानों पर आयोजित ये गतिविधियां सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों, महिलाओं और समुदाय के बीच अधिक सक्रिय सहभागिता का केंद्र बनाने की दिशा में आयोजित की गईं। गतिविधियों के जरिए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के संदेश को मनोरंजक तरीके से लोगों तक पहुंचाया गया।



नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा में नर्सों की भूमिका को प्रभावी बनाने दिया जोर

भिलाई। अस्पताल में नर्स की भूमिका केवल मरीजों की देखभाल तक सीमित नहीं होती, बल्कि सही समय पर समझाइश देना, लोगों को साथ जोड़ना और किसी पहल को आगे बढ़ाना भी नेतृत्व का हिस्सा है। इसी सोच के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में आन्या 3.0 महिला नेतृत्व विकास कार्यक्रम की सीख को कार्यस्थल तक पहुंचाने माइक्रो लर्निंग सत्र आयोजित किया गया। इसमें 20 कार्यपालक एवं गैर-कार्यपालक नर्सों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण से मिली सीख को सीधे कार्यस्थल पर उतारने की यह पहल नर्सों की भूमिका को नेतृत्व और बेहतर स्वास्थ्य सेवा से जोड़ने की दिशा में एक प्रयास रही।

मानव दुग्ध दान के लिए नर्स प्रतिभागियों को सशक्त बनाना- जागरूकता से कार्रवाई तक विषय पर हुए सत्र में नर्सों को मानव दुग्ध दाताओं की पहचान करने, उन्हें प्रोत्साहित करने और लगातार इस पहल से जोड़े रखने के तरीकों की जानकारी दी गई। परामर्श कौशल और समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। खासतौर पर नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा में नर्सों की भूमिका को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

सत्र की संकल्पना एवं संचालन आन्या 3.0 की मुख्य सलाहकार और जेएलएनएचआरसी के शिशु रोग एवं नवजात विज्ञान विभाग की मुख्य सलाहकार डॉ. माला चौधरी ने किया। उनका उद्देश्य नेतृत्व विकास से जुड़ी सीख को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखकर मरीजों की देखभाल और रोजमर्रा के



कार्यों में शामिल करने किया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. उदय कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी मानव संसाधन-एलएंडडी संजीव श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। उन्होंने नेतृत्व विकास को लगातार आगे बढ़ाने और ऐसी गतिविधियों को नियमित रूप से कार्यस्थल से जोड़ने की जरूरत बताई।

कार्यक्रम में आन्या 1.0 बैच की उप महाप्रबंधक शबनम और उप महाप्रबंधक ललिता ने भी अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने नर्स प्रतिभागियों को अपनी जिम्मेदारियों के साथ नेतृत्व क्षमता विकसित करने और अपने स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

सत्र का समन्वय उप प्रबंधक मानव संसाधन-एलएंडडी सुष्मिता पाटला ने किया। उप प्रबंधक नर्सिंग प्रशासन शायला अब्राहम एवं सहायक प्रबंधक आपातकालीन सेवाएं लता मिश्रा ने संचालन किया।

पारंपरिक रंगोली कला से सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और एकता का दिया संदेश

भिलाई। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा अभियान के अंतर्गत सेवा संकल्प, सृजनात्मकता और सामुदायिक सहभागिता विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ गुंजन जैसवानी ने बताया कि कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. वैभव तिवारी, फार्मेसी संकाय की अधिष्ठाता डॉ. स्वर्णाली दास पॉल, डॉ. हेमंत बडवाइक, डॉ. आशीष पांडे उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता और कार्यक्रम के आयोजन में संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामूहिक कार्य, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक रंगोली कला के माध्यम से सेवा, सामुदायिक कल्याण, सामाजिक





उत्तरदायित्व और आपसी एकता से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों का उपयोग करते हुए रंग-बिरंगी, नवाचारी और सार्थक रंगोलियां बनाईं।

54 जरूरतमंद बच्चों को चरण पादुका और मिठाइयां की भेंट , खिल उठे चेहरे

कार्नर न्यूज

भगत सिंह के त्याग और देश प्रेम ने देश के बच्चों में जगाया देशभक्ति का जज्बा

दुर्ग। शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर सामाजिक संस्था दिशा ने शहीद भगत सिंह राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तितुरडीह में सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित किया। इसके माध्यम से महान क्रांतिकारी को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के वरिष्ठ सदस्य शांतनु दासगुप्ता, रामानुजन राजू और सुजीत चक्रवर्ती ने विद्यालय के प्राचार्य चंद्रिका प्रसाद अग्रवाल के साथ मिलकर किया। सभी ने भगत सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित सदस्यों ने उनके अदम्य साहस, त्याग, राष्ट्रप्रेम और देश की स्वतंत्रता के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

इस अवसर पर दिशा की ओर से विद्यालय के 54 जरूरतमंद बच्चों को जूते भेंट किए गए और सभी बच्चों को मिठाई बांटी गई। नए जूते पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। मिठाई वितरण से पूरा विद्यालय परिसर उल्लास और आत्मीयता से भर गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने शहीद भगत सिंह की स्मृति में उनके राष्ट्रभक्ति के




नारे बुलंद किए और देशभक्ति की कई कविताओं का पाठ किया। साथ ही भगत सिंह के देशभक्तिपूर्ण विचारों से ओतप्रोत छोटी-छोटी प्रस्तुतियाँ देकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। बीएड की छात्राओं ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शहीद को नमन किया। शांतनु दासगुप्ता ने कहा कि भगत सिंह केवल स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी नहीं, बल्कि देश के युवाओं के लिए साहस, विचारशीलता, त्याग और सामाजिक जिम्मेदारी के अमर प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सिखाता है कि देशप्रेम केवल शब्दों तक सीमित न रहे, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन में भी दिखाई दे। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाने और भविष्य में समाज व देश के उपयोगी नागरिक बनने का आह्वान किया। रामानुजन राजू ने कहा कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनकी जरूरतों में सहभागी बनना ही सेवा की सच्ची भावना है। इस अवसर पर कल्याण राय, देबाशीष मजूमदार, बापी दास, अशोक निम्बरते, प्रदीप दास, मोहन गिरी, भास्कर देवनाथ, अजय दुबे, रामजी सिन्हा आदि मौजूद थे।



सिटी इवेंट

शंकराचार्य टेकनिकल कैम्पस में दो दिवसीय हैकाथॉन का आयोजन



भिलाई। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में भागीदारी के लिए शंकराचार्य टेकनिकल कैम्पस में दो दिवसीय आंतरिक हैकाथॉन हुआ। विश्वविद्यालय के 900 से अधिक विद्यार्थियों ने 160 टीमों के माध्यम से भाग लेकर विभिन्न समस्याओं के तकनीकी एवं व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए।

हैकाथॉन में विद्यार्थियों ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कषि, स्मार्ट शिक्षा, साइबर सुरक्षा, संस्कृति एवं विरासत सहित विभिन्न विषयों पर अपने और तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए। जीवन से जुड़ी समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के लिए आधुनिक तकनीकी का उपयोग करते हुए अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। चेयरमेन आईपी मिश्रा ने विद्यार्थियों के नवाचार की महत्ता बताई। प्रेसिडेंट डॉ. जया मिश्रा ने समस्या समाधान के लिए तकनीकी कौशल की परिचर्चा की और डायरेक्टर - डॉ. पीबी. देशमुख ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और अपने उद्बोधन में समस्या समाधान में तकनीकी ज्ञान को महत्वपूर्ण बताया ।

समाज लाइव

सतनामी कल्याण समिति कोहका, भिलाई व दुर्ग का गठन



भिलाई। सतनामी कल्याण समिति कोहका भिलाई जिला दुर्ग का गठन सतनाम धाम कोहका में सर्वसम्मति से किया गया। समिति के अध्यक्ष गैंदलाल राय निर्विरोध निर्वाचित किए गए। इसी प्रकार समिति के उपाध्यक्ष रूप कुमार गेडरे, सचिव राजेंद्र कुमार राय, संयुक्त सचिव टीकम सिंह जाटवर, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र सरसुधे एवं कार्यकारिणी सदस्य शशि किरण राय, नेमिन देवी राय, राजकुमारी महेश्वरी, योगेंद्र कुमार जोशी, देवलाल सरसुधे एवं राहुल बघेल को निर्विरोध रूप से चयन किया गया।

समिति का गठन सतनाम धाम कोहका एवं सतनामी समाज कोहका के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से किया गया है। जिसमें सभी सदस्यों के आपसी सहयोग से कार्य संपादित किए जाएंगे। समिति का शपथ ग्रहण गुरु घासीदास सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष बीएल कुर्रे के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। बाबा की आरती के बाद सभी सदस्यों ने पदाधिकारी ने समाज हित को सभी सर्वोपरि मानते हुए निष्ठा एवं लगन के साथ समाज सेवा कार्य करने की शपथ ली। समिति द्वारा अतिथियों का श्वेत वस्त्र श्रीफल एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया। कुर्रे ने कहा की कोहका की समिति काफी पुरानी है किंतु राय के प्रयास से अब इसका पंजीयन हो सका है। शपथ ग्रहण के पश्चात अध्यक्ष गैंदलाल राय ने कहा कि यह समिति भिलाई की लोकप्रिय समिति रही है जिसका वर्तमान में पंजीयन हुआ है और अब पंजीयन होने के बाद कोहका के समस्त सतनामी समाज के सहयोग से समिति का सुचारू संचालन करेंगे और समाज तथा सामाजिक भवनों एवं सतनाम धाम के विकास में सब मिलकर तन मन धन से काम करेंगे। कार्यक्रम में गुरु घासीदास सेवा समिति के पदाधिकारी कुंजेलाल कोसले अध्यक्ष मिनी माता कोऑपरेटिव सोसाइटी, एसपी बारले महासचिव वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल, गुरु घासीदास सेवा समिति के कोषाध्यक्ष रामचंद्र देशलहरा, सदस्य राजन खुटेल, कार्यकारणी सदस्य मोहरसिंह कुर्रे, एसजी गायकवाड, सीएल जोशी, केएल गेनडरे की उपस्थिति थे। संचालन मानसिंग राय एवं आभार प्रदर्शन सत्यनारायण राय ने किया।

समाज इवेंट

सीमित आर्थिक संसाधनों से व्यवसाय शुरू कर बनी आत्मनिर्भर, संवारे सपने



दुर्ग। आर्थिक परेशानियों के बीच खुद का काम शुरू करने का सपना देखने वाली ग्राम नवागांव पुरदा निवासी हिमांशी वर्मा के लिए शासन की सक्षम योजना नई राह लेकर आई। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण व्यवसाय शुरू करने में आ रही दिक्कतों के बीच उन्हें योजना के तहत 80 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिली। इसी सहयोग से उन्होंने करीब एक वर्ष पहले पार्लर एवं बुटीक का काम शुरू किया। अब प्रतिदिन 5 से 7 ग्राहक उनके पास पहुंच रहे हैं और व्यवसाय से रोजाना करीब 250 से 300 रुपए की आय हो रही है। हिमांशी के मन में लंबे समय से अपना व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनने की इच्छा थी, लेकिन आर्थिक स्थिति इसके आड़े आ रही थी। इसी दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता शर्मा के माध्यम से उन्हें सक्षम योजना की जानकारी मिली। उन्होंने योजना के तहत आवेदन किया और 80 हजार रुपए की सहायता प्राप्त होने के बाद इस राशि का उपयोग पार्लर एवं बुटीक व्यवसाय शुरू करने में किया। शुरुआत में छोटे स्तर पर शुरू किया गया काम अब धीरे-धीरे अपनी पहचान बना रहा है। हिमांशी स्वयं व्यवसाय का संचालन कर रही हैं और अपनी आय से परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में भी योगदान दे रही हैं। उनके लिए योजना से मिली सहायता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि अपने पैरों पर खड़े होने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर भी बनी है। हिमांशी वर्मा का कहना है कि सक्षम योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने का अवसर दिया। अब वे अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही हैं। उनका कहना है कि स्वरोजगार के माध्यम से वे न केवल खुद आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि परिवार की जिम्मेदारियों में भी सहयोग कर पा रही हैं।

● 30 उपवास पूरे कर तप की नई सीढ़ी चढ़े अमन सुराणा, श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल ने किया अभिनंदन

मासक्षमण की ओर अग्रसर चार तपस्वी, 30 उपवास पूरे कर पालकी में बिठाकर निकाली यात्रा, धर्मसभा में गूंजे जयकारे

दुर्ग। बांधा तालाब स्थित जय आनंद मधुकर रतन भवन में इन दिनों तप, त्याग और आत्मसंयम की साधना का वातावरण श्रद्धालुओं को भी आध्यात्मिक प्रेरणा दे रहा है। यहां चार तपस्वी मासक्षमण जैसी कठिन तपस्या की ओर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इसी साधना क्रम में श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल के सक्रिय सदस्य अमन सुराणा ने 30 उपवास पूर्ण कर तप और आत्मबल का परिचय दिया। 30 उपवास की साधना पूर्ण होने पर धर्मसभा में उनका भावपूर्ण अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर तपस्वियों के सम्मान में निकली स्वागत यात्रा और जयकारों से बांधा तालाब से लेकर जय आनंद मधुकर रतन भवन तक का वातावरण भक्तिमय हो उठा। मानव मिलन संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्र संत श्री मणिभद्र मुनि महाराज के प्रेरणा, आशीर्वाद एवं सानिध्य में चल रही धर्म आराधना के दौरान अनेक श्रावक-श्राविकाएं अपनी सामर्थ्य के अनुसार तप-साधना में जुटे हैं। इनमें शशांक कर्नावट, पूनम जैन एवं अमन सुराणा सहित चार तपस्वी मासक्षमण की ओर अग्रसर हैं। वहीं किरण देवी संचेती ने धर्मसभा में 65 उपवास का संकल्प लेकर अपनी दृढ़ साधना और आत्मबल का परिचय दिया।

धार्मिक उद्घोषों से वातावरण हुआ भक्तिमय

अमन सुराणा की 30 उपवास की तपस्या पूर्ण होने पर श्रमण संघ परिवार की ओर से धर्मसभा में अनुमोदना और अभिनंदन किया गया। तपस्वी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए स्वाध्याय मंडल के सदस्यों ने अमन सुराणा एवं शशांक कर्नावट को पालकी में विराजमान कराया और बांधा तालाब से जय आनंद मधुकर रतन भवन तक स्वागत यात्रा निकाली। तपस्वियों की जय-जयकार और धार्मिक उद्घोषों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। युवा संघ के सदस्यों में भी इस दौरान विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। तपस्या की अनुमोदना केवल शब्दों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अन्य श्रावक-श्राविकाओं ने भी अपने संकल्प लेकर तपस्वी के प्रति श्रद्धा प्रकट की। युवा संघ अध्यक्ष पदम छाजेड़ ने 15 उपवास, जबकि सुषमा सुराणा ने 16 उपवास का संकल्प लिया। दोनों ने अपने तप-संकल्प के माध्यम से मासक्षमण की ओर बढ़ रहे अमन सुराणा की साधना की अनुमोदना की।







खुद पर विजय की साधना है तप का संदेश

जैन परंपरा में तप केवल भोजन का त्याग नहीं, बल्कि अपनी इच्छाओं, आसक्तियों और विकारों पर संयम साधने की प्रक्रिया भी माना गया है। उपवास के साथ साधक आत्मचिंतन, स्वाध्याय और आध्यात्मिक अनुशासन को जीवन में उतारने का प्रयास करता है। 30 उपवास पूर्ण कर रहे अमन सुराणा और मासक्षमण की ओर बढ़ रहे अन्य तपस्वियों की साधना इसी आत्मसंयम और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा देती है। उनकी तपस्या से धर्मसभा में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने भी संयम, त्याग और आत्मशुद्धि के भाव को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

तपस्वियों के संयम, आत्मबल की सराहना

धर्मसभा में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने तपस्वियों के संयम, आत्मबल और साधना की सराहना करते हुए उनके उत्तरोत्तर आध्यात्मिक उत्कर्ष की मंगलकामना की। धर्मसभा में तप की चर्चा के साथ कहा गया कि तपस्या केवल उपवास तक सीमित नहीं, बल्कि इच्छाओं पर संयम, आत्मनिरीक्षण और मन को साधने की प्रक्रिया है। तपस्वियों की साधना ने श्रमण संघ परिवार में त्याग, संयम और धर्म के प्रति आस्था को और मजबूत किया। इस अवसर पर पधारे सभी गुरु भक्तों के लिए गौतम प्रसादी की व्यवस्था संदीप कुमार एवं रोहित कुमार सुराणा परिवार की ओर से रखी गई थी। धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने तपस्वियों की अनुमोदना करते हुए उनके तप की निरंतरता और आध्यात्मिक उन्नति के लिए मंगलकामना की।

वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर चर्चा

माला फेरने से पहले अपने मन को फेरिए मिटेगा अहंकार और द्वेष : आचार्य

भिलाई। धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि व्यक्ति के व्यवहार और जीवन में दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा माला फेरने से पहले मन फेरिए। यदि हाथ में माला घूम रही है और मन में क्रोध, अहंकार व द्वेष है तो साधना अधूरी है। यह बातें भिलाई निवासी आचार्य डॉ. अजय आर्य ने दिल्ली के आर्य समाज मंदिर, महावीर नगर में अपने उद्बोधन में कही।

आर्य समाज एवं सेवा भारती से जुड़े समाजसेवियों की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि ऋषि दयानंद तर्कशील होने के साथ संवेदनशील भी थे। समाज में बदलाव के लिए तर्क के साथ वेदना और संवेदना जरूरी है। धार्मिक व्यक्ति की पहचान उसके व्यवहार से होती है। प्रेम, शांति, सहयोग, सद्भाव और मधुरता उसके जीवन में दिखाई देनी चाहिए। मीठी वाणी को जीवन-साधना बताते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि सच बोलना जरूरी है, लेकिन सच के नाम पर कड़वा बोलना नहीं। कटु वाणी से बहस जीती जा सकती है, संबंध नहीं। हास्य-व्यंग्य के माध्यम से उन्होंने कहा कि

मोबाइल की बैटरी कम होते ही हम चार्जर खोज लेते हैं, लेकिन अपनी जीवन-ऊर्जा कितनी बची है, इस पर ध्यान नहीं देते।

छत्तीसगढ़ में वैदिक संस्कृति के विस्तार पर चर्चा

दिल्ली प्रवास के दौरान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने छत्तीसगढ़ मूल के वैदिक विद्वान आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री से भेंट की। दोनों ने छत्तीसगढ़ में वेद, योग, गुरुकुल शिक्षा, यज्ञ-सत्संग और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा की। इस दौरान छत्तीसगढ़ की राजधानी में अध्यात्म साधना धाम की स्थापना की परिकल्पना सामने आई। यहां वेद-अध्ययन, योग, संस्कार निर्माण, गुरुकुलीय शिक्षा, यज्ञ-सत्संग और विद्वत संवाद को एक साथ आगे बढ़ाने की योजना पर विचार किया गया।

आचार्य डॉ. अजय आर्य ने आर्य समाज के सिद्धांत प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथायोग्य व्यवहार को जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धर्म की सार्थकता तभी है, जब उसका प्रभाव व्यक्ति के व्यवहार से आगे बढ़कर समाजसेवा और संस्कार निर्माण में दिखाई दे।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मुनगा के पौधों को रोपकर बताया उसका महत्व

दुर्ग। सेवा अभियान के अंतर्गत सेक्टर पाटणकर कॉलोनी परियोजना दुर्ग शहरी द्वारा पचरीपारा स्थित मंगल भवन में विभिन्न रचनात्मक एवं जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राही महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वार्ड -28 की पार्षद ममता ओमप्रकाश सेन थीं।

विशेष अतिथि रौशनी साहू, आशा देवांगन, अनसुईया साहू, चंचल मंडावी, चेतना पटेरिया, सोनल भीमज्याणी, विमला राजपूत और अनीता भोई उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हितग्राहियों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ममता ओमप्रकाश सेन और अन्य अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। माताओं को बच्चों के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों के टीकाकरण से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी। कार्यक्रम स्थल पर लगाया गया खिलौना बैंक प्रदर्शनी का आकर्षण रहा। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने मुनगा के पौधे का रोपण किया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों का सम्मान कर उनके सेवाकार्यों की सराहना की गई और उनका उत्साह बढ़ाया गया।

जल, जंगल, जमीन, शराबबंदी और बीएसपी के संरक्षण पर हुई गहन चर्चा

छत्तीसगढ़ की असली ताकत यहां का आदिवासी समाज और प्राकृतिक संसाधन, गांधीवादी चिंतकों का महामंथन

कार्नर न्यूज

भिलाई। प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक एवं सर्वोदय कार्यकर्ता पीवी राजगोपाल एक दिवसीय प्रवास पर भिलाई पहुंचे। अपने इस प्रवास के दौरान उन्होंने एचएससीएल कॉलोनी, रुआबांधा स्थित आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति और जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित एक विशेष वैचारिक सत्र में भाग लिया।

यह संगोष्ठी आदिवासी समाज के उत्थान, पर्यावरण संरक्षण, बस्तर के विकास और छत्तीसगढ़ के वर्तमान ज्वलंत सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत में समिति के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने पीवी राजगोपाल और देश-प्रदेश से आए अन्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में समाज के सामने खड़ी तात्कालिक चुनौतियों को रेखांकित किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पी.वी. राजगोपाल ने कहा कि आज के समय में अहिंसक संघर्ष और गांधीवादी सिद्धांतों की



प्रासंगिकता और बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ की असली ताकत यहां का आदिवासी समाज और प्राकृतिक संसाधन हैं। आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की सुरक्षा हर हाल में होनी चाहिए। हमें महात्मा गांधी के विचारों को केवल किताबों तक सीमित न रखकर पुनः राज्य के गांवों, शहरों और विशेष रूप से युवा विद्यार्थियों तक ले जाने की आवश्यकता है ताकि एक जागरूक समाज का निर्माण हो सके। प्रशांत कुमार ने कहा कि आदिवासी समुदाय के सामाजिक और आर्थिक अधिकारों की रक्षा के बिना किसी भी विकास मॉडल को सफल नहीं माना जा सकता। जब तक आदिवासियों को अपनी जमीन और संसाधनों पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक उनका वास्तविक उत्थान संभव नहीं है। हमें जमीनी स्तर पर जाकर जन-अभियानों के माध्यम से उनके अधिकारों के प्रति अलख जगानी होगी। बैठक के दौरान उपस्थित बुद्धिजिवियों और समाजशास्त्रियों ने सर्वसम्मति से जल, जंगल और जमीन से जुड़े आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा पर अपनी बात रखी। इस विचार-मंथन सत्र में प्रयोग आश्रम तिल्दा से सीताराम मंडावी, एकता परिषद से अरुण कुमार, प्रदीप कुमार दलाई, त्रिलोक मिश्रा, जीवन लाल यादव एवं अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजशास्त्री और गांधीवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी जरूरी

आरपी शर्मा अध्यक्ष, आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र केवल पत्थरों और लोहे का ढांचा नहीं, बल्कि हमारे देश-प्रदेश की आर्थिक रीढ़ है। वर्तमान परिस्थितियों में इसे सुरक्षित रखना और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू करने की दिशा में भी गंभीर प्रयास होने चाहिए, क्योंकि शराब सामाजिक और पारिवारिक विघटन का सबसे बड़ा कारण बन रही है।

बस्तर में विमान सेवाओं का विस्तार सराहनीय-प्रो. शर्मा

शिक्षाविद प्रो. डी.एन. शर्मा ने कहा कि बस्तर का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब वहां की स्थानीय संस्कृति और प्राकृतिक पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचाए बिना आधुनिक सुविधाएं पहुंचाई जाएं। बस्तर में विमान सेवाओं का विस्तार और इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास स्वागत योग्य है, लेकिन इसके साथ ही स्थानीय युवाओं के आर्थिक-सामाजिक सशक्तीकरण और शैक्षणिक अवसरों पर भी समान ध्यान देना जरूरी है।

सिटी स्पोर्ट्स

रायपुर सेक्टर बालक और दुर्ग बालिका वर्ग में विजेता



रायपुर। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर द्वारा 29-30 सितंबर को राज्य स्तर इंटर सेक्टर स्पर्धा का आयोजन सप्रे स्कूल टेटे हॉल में किया गया। विजेताओं को प्राचार्या प्रो अंजली भटनागर ने सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि शरद शुक्ला उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ, विनय बैसवाड़े पूर्व राज्य विजेता, डॉ रामानंद यदु रिटायर्ड स्पोर्ट्स ऑफिसर, डॉ दिनेश नामदेव संचालक खेल हेमचंद यादव विवि, डॉ अरुण चौधरी ऑब्जर्वर एवं डॉ महेन्द्र रजक क्रीड़ा समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग थे।

आयोजन सचिव एवं क्रीड़ा अधिकारी रूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया की बालक वर्ग में रायपुर सेक्टर ने लगातार तीसरे वर्ष दुर्ग सेक्टर को 3-0 से हराकर विजेत का ख़िताब जीता। वही इसी अंतर से बालिका श्रेणी में दुर्ग सेक्टर ने रायपुर सेक्टर को हराकर चौथे वर्ष लगातार ख़िताब पर अपना कब्ज़ा बरकरार रखा। इस प्रतियोगिता में 12 सेक्टर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाव, बस्तर, कांकेर, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़, कोरबा, सरगुजा एवं सूरजपुर सेक्टर की बालक-बालिका टीमों के 108 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन्हे उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन की और से स्पेसिफिक टेटे किट, शूज एवं लोवर प्रदान किया। स्पर्धा में बेस्ट खिलाड़ी का ख़िताब रामजी कुमार एवं बस्तर की संस्कृति को मिला।

बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन आज से

रायपुर। बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनकी रचनात्मकता एवं खेल प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने बस्तर ओलंपिक के तीसरे संस्करण के लिए पंजीयन 1 अक्टूबर से प्रारंभ होंगे। तीन चरणों में आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक के विकासखंड स्तरीय आयोजन नवम्बर में होंगे। बस्तर ओलंपिक में जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष आयु के बालक-बालिकाएं तथा सीनियर वर्ग में महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं पुनर्वासित सदस्यों की प्रतिभागिता सीधे संभाग स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। बस्तर ओलंपिक के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक पंजीयन किए जाएंगे। नवम्बर और दिसम्बर में विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर इनके चरणबद्ध आयोजन होंगे। विकासखंड स्तर की प्रतियोगिताएं 1 नवम्बर से 13 नवम्बर तक, जिला स्तर की प्रतियोगिताएं 16 नवम्बर से 25 नवम्बर तक तथा संभाग स्तर की प्रतियोगिताएं 7 से 11 दिसम्बर तक प्रस्तावित हैं।

राज्य स्तरीय लैक्रोस प्रतियोगिता में शामिल हुए 300 खिलाड़ी



रायपुर। चौथी राज्य स्तरीय लैक्रोस प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 सितम्बर तक सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग की स्पर्धा मैत्री नगर एन टी पी सी लारा पुसौर में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सेक्रेटरी देव अवतार चौधरी ने बताया कि उक्त आयोजित स्पर्धा से राष्ट्रीय लैक्रोस प्रतियोगिता आगरा के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन में शामिल हुए 73 खिलाड़ी



रायपुर। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मार्गदर्शन में 14 एवं 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए बिलासपुर जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन बहतरई स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 73 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। अंडर-14 ट्रायथलॉन, किड्स जैवलिन तथा अंडर-16 वर्ग में 60 मीटर, 600 मीटर, 80 मीटर हर्डल्स, शॉटपुट और लॉन्ग जंप सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं।अंडर-14 ट्रायथलॉन-ए में प्रथम स्थान शुभ्रनील, द्वितीय जिगर और तृतीय कुणाल वर्मा रहे।

त्वचा पर दबाव देने पर गड्ढा बनना या अचानक चेहरा व पैर भरा-भरा दिखना शरीर में तरल जमने की समस्या का है लक्षण

फूले हुए शरीर को सिर्फ मोटापा समझने की न करें भूल; किडनी, लिवर या दिल की बीमारी का हो सकता है गंभीर संकेत

यदि पिछले कुछ समय से आपको अपना चेहरा, हाथ, पैर, टखने या पेट पहले से अधिक भरे-भरे और फूले हुए महसूस हो रहे हैं, तो इसे केवल वजन बढ़ना या मोटापा मानकर नजरअंदाज करना सेहत के लिए भारी पड़ सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, हर बार शरीर का फूला हुआ दिखना चर्बी बढ़ने के कारण नहीं होता। कई बार यह हमारे अंगों की कार्यप्रणाली में आई गड़बड़ी और शरीर के भीतर अतिरिक्त तरल पदार्थ जमा होने का परिणाम हो सकता है।

मोटापा और शरीर की सूजन में अंतर समझें

अक्सर लोग शरीर के भारीपन को देखकर मान लेते हैं कि उनका वजन बढ़ रहा है, परंतु चिकित्सा विज्ञान की दृष्टि में वजन बढ़ने और शरीर में सूजन आने में बहुत बड़ा अंतर है। मोटापाः इसमें शरीर के अंदर वसा यानी चर्बी का संचय होता है, जिससे वजन धीरे-धीरे बढ़ता है। अतिरिक्त तरल का जमावः इसमें शरीर के ऊतकों (टीश्यूज) के भीतर आवश्यकता से अधिक जल या तरल पदार्थ एकत्र हो जाता है।

जब शरीर में तरल जमता है, तो विशेष रूप से पैरों, टखनों, पंजों और हाथों में फुलाव स्पष्ट दिखाई देने लगता है। ऐसी स्थिति में प्रभावित हिस्से की त्वचा



अत्यधिक खिंची हुई, कसी हुई और चमकदार नजर आने लगती है। यदि आप फूली हुई त्वचा को उंगली से थोड़ी देर दबाते हैं और वहां गड्ढा बन जाता है, तो यह स्पष्ट रूप से शरीर में पानी जमने का लक्षण है।

किन कारणों से शरीर में रुकने लगता है पानी?

शरीर में पानी या तरल पदार्थों का जमाव कई साधारण जीवनशैली की आदतों से लेकर गंभीर बीमारियों के कारण हो सकता हैः



खान-पान और जीवनशैलीः आहार में नमक (सोडियम) का अत्यधिक प्रयोग करने से शरीर पानी को रोककर रखने लगता है। इसके अलावा, लंबे समय तक एक ही जगह बैठकर या खड़े होकर काम करने से भी निचले हिस्सों में तरल जमा होने लगता है।

दवाओं का प्रभावः कुछ विशेष प्रकार की औषधियों या लंबे समय तक चलने वाले उपचारों के कारण भी शरीर में यह समस्या देखने को मिल सकती है।

किडनी की समस्याएंः गुर्दे यानी किडनी हमारे शरीर से अपशिष्ट और अतिरिक्त पानी को बाहर निकालने का कार्य करते हैं। जब किडनी सही ढंग से कार्य नहीं करती, तो शरीर में पानी जमा होने लगता है और चेहरे व पैरों पर सूजन आने लगती है।

लिवर और हृदय के रोगः लिवर की गंभीर बीमारियों में रक्त के भीतर प्रोटीन का निर्माण कम हो जाता है, जिससे तरल नसों से निकलकर ऊतकों में भरने लगता है और पेट व पैरों में भारीपन आता है। वहीं हृदय की दुर्बलता के कारण रक्त संचार धीमा पड़ता है, जिससे टखनों और पैरों में फुलाव बढ़ने लगता है। नसों में रुकावट व थायरॉयडः नसों की कार्यप्रणाली प्रभावित होने, थक्का जमने या थायरॉयड ग्रंथि के असंतुलन से भी यह दिक्कत पैदा होती है।

इन गंभीर लक्षणों को कभी न करें नजरअंदाज



यदि शरीर के फुलाव के साथ-साथ आपको निम्नलिखित लक्षण भी महसूस हो रहे हैं, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना अनिवार्य है। एक ही पैर में अचानक अत्यधिक सूजन, दर्द या लाली आना। थोड़ा सा चलने या सामान्य कार्य करने पर भी सांस फूलना। पेशाब की मात्रा में कमी आना या उसके रंग व बारंबारता में बदलाव होना। दिनभर अत्यधिक थकान, कमजोरी और चक्कर आना। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह है कि बिना जांच कराए किसी भी प्रकार की घरेलू दवा या भ्रामक उपायों का सहारा न लें। समय पर डॉक्टर से संपर्क कर रक्त, किडनी और लिवर की जांच कराने से छिपी हुई बीमारी का सही समय पर इलाज संभव हो पाता है।



हाई ब्लड प्रेशर से बचने कम करें सोडियम और बढ़ाइए पोटेशियम

हाई ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जिसका खतरा लगभग सभी उम्र के लोगों में देखा जा रहा है। इसे हृदय रोगों, जैसे हार्ट अटैक और स्ट्रोक की समस्या का भी प्रमुख कारण माना जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए प्रयास करते रहने चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इस रोग का जोखिम बढ़ गया है, विशेषकर आहार में सोडियम वाली चीजों की अधिकता को हाई ब्लड प्रेशर के लिए प्रमुख कारक माना जाता है। इससे बचाव के लिए न सिर्फ आहार को ठीक रखना जरूरी है साथ ही दिनचर्या में भी सुधार किया जाना आवश्यक हो जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सोडियम की अधिकता के कई दुष्प्रभाव हैं, पर इसके लिए पोटेशियम बड़ा तोड़ हो सकता है। पोटेशियम को ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने से लेकर हृदय से संबंधित समस्याओं के जोखिम को कम करने तक के लिए लाभकारी पाया गया है। आप इसे अपने दैनिक आहार से आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

सोडियम को करें कम, पोटेशियम की बढ़ाएं मात्रा

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक



आहार में सोडियम की मात्रा को कम करने और पोटेशियम को बढ़ाने से आपको लाभ हो सकता है। आप जितना अधिक पोटेशियम वाली चीजें खाते हैं, उतना अधिक सोडियम आपके मूत्र के माध्यम से शरीर से बाहर होता है। इसके अलावा पोटेशियम आपकी रक्त वाहिका की दीवारों में तनाव को कम करने में भी मदद करता है, जिससे रक्तचाप को और कम करने में मदद मिल सकती है।

120/80 मिमी एचजी से ऊपर रक्तचाप वाले वयस्कों को आहार के माध्यम से रोजाना पोटेशियम प्राप्त करने की सलाह दी जाती है, ये आपको हृदय रोगों के खतरे से भी बचाने वाली हो सकती है।

आहार से प्राप्त करें पोटेशियम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 18-50 वर्ष की आयु के पुरुषों के लिए रोजाना 3,400 मिलीग्राम और महिलाओं के लिए 2,600 मिलीग्राम पोटेशियम लेने की सलाह दी जाती है। डैश डाइट वाली चीजें, जैसे आहार में फल, सब्जियां, लो फैट वाली चीजें, डेयरी उत्पाद और मछली में प्राकृतिक रूप से पोटेशियम की अधिकता होती है।

आप केले के सेवन से भी शरीर के लिए इस पोषक तत्व की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। एक मध्यम आकार के केले में लगभग 226 मिलीग्राम पोटेशियम होता है, ये ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए सबसे लाभकारी है।

पोटेशियम की लिए किन चीजों का करें सेवन

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, दैनिक आहार की कई चीजों से आसानी से पोटेशियम की पूर्ति की जा सकती है। पत्तेदार सब्जियां, फलियां, नट्स, डेयरी उत्पाद से आसानी से इसे प्राप्त किया जा सकता है। सूखे मेवे (किशमिश, खुबानी), दाल, आलू, पालक और ब्रोकली के साथ एवोकाडो भी आपके लिए इस पोषक तत्व की आवश्यकताओं की आसानी से पूर्ति करने में सहायक हैं।



पहले दिन 144 खिलाड़ियों ने दी शारीरिक दक्षता परीक्षा, आज होगा खेल कौशल का अंतिम परीक्षण



रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा (रायपुर) में गैर-आवासीय खेल अकादमी हेतु खिलाड़ियों के प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया है। बुधवार से शुरू हुए इस दो दिवसीय चयन ट्रायल में नए प्रवेश के साथ-साथ पुराने खिलाड़ियों के नवीनीकरण के लिए भी प्रक्रिया आयोजित की जा रही है।

पंजीयन से लेकर फिटनेस टेस्ट तक कड़ी प्रक्रिया

चयन ट्रायल के पहले दिन फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी और एथलेटिक्स (बालक व बालिका वर्ग) के पंजीकृत खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया गया। प्रक्रिया की शुरुआत में विभागीय अधिकारियों और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की देखरेख में खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन और अनिवार्य चिकित्सकीय परीक्षण (मेडिकल टेस्ट) संपन्न हुआ।

शारीरिक मापदंडों व गतिविधियों का हुआ आंकलन

दस्तावेज़ों की जांच और मेडिकल क्लीयरेंस के बाद खिलाड़ियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण लिया गया। इसके अंतर्गत शारीरिक मापः ऊंचाई एवं वजन, दक्षता परीक्षणः वर्टिकल जंप, 30 मीटर दौड़, शटल रन, बॉल थ्रो, 800 मीटर दौड़ और सीट-अप जैसी गतिविधियां विभिन्न मापदंडों का परखी गई। प्रथम दिवस की प्रक्रिया के अंत तक चारों प्रमुख खेलों (फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक्स) के कुल 144 बालक व बालिका खिलाड़ियों का पंजीयन एवं शारीरिक परीक्षण सफलता पूर्वक पूरा कर लिया गया।

आज होगा खेल कौशल परीक्षण, अंतिम सूची होगी जारी

चयन ट्रायल के दूसरे दिवस यानी 1 अक्टूबर को पहले दिन शारीरिक परीक्षा में सफल रहे खिलाड़ियों के 'खेल कौशल परीक्षण' का आयोजन किया जाएगा। विशेष चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों के मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन, तकनीक और खेल कौशल के आधार पर अकादमी में प्रवेश के लिए अंतिम चयन किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया रायपुर के हॉकी एवं तीरंदाजी अकादमी के प्रशासक तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों की निगरानी में पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है।

वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ अंडर-19 टीम घोषित, फैज कप्तान



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित होने वाली मेन्स अंडर-19 वीनू मांकड़ वन-डे ट्रॉफी 2026-27 के लिए छत्तीसगढ़ की 17 सदस्यीय टीम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। रायपुर में आयोजित चयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से उभरीं प्रतिभावान प्रतिभाओं पर विचार-विमर्श के बाद खिलाड़ियों का चयन किया गया। सीएससीएस के अनुसार इस वर्ष अंडर-19 टीम की कमान रायपुर के प्रतिभावान खिलाड़ी एमडी फैज खान को सौंपी गई है। पुडुच्चेरी में 8 अक्टूबर से शुरू हो रहे इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयनित 17 सदस्यीय टीम में विभिन्न जिलों का बेहतरीन संतुलन देखने को मिल रहा है। टीम में दो विशेषज्ञ विकेटकीपरों के रूप में दुर्ग के आदित्य वर्मा और रायपुर के अमेय मोरे को शामिल किया गया है। इनके अलावा बिलासपुर जिले से आर्यन सिंह, आदित्य ब्याडवाल, धनंजय नायक और सक्षम चौबे का चयन हुआ है। वहीं राजधानी रायपुर से कप्तान एमडी फैज खान और विकेटकीपर अमेय मोरे के अतिरिक्त अगमजोत सिंह छग्गर, अमितेश मिश्रा, देव रिसित, तेजस्वी कालभोर और वेदांश खेड़िया को जगह मिली है। दुर्ग जिले से विकेटकीपर आदित्य वर्मा के साथ ही शिवम यादव और भिलाई से चंद्रभूषण साहू टीम का हिस्सा बने हैं। इसके साथ ही जांजगीर-चांपा से आदित्य यादव, कोरबा से अमन त्रिपाठी तथा राजनांदगांव जिले से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 17 सदस्यीय दल में अपनी जगह पक्की की है। बीसीसीआई द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार यह पूरा टूर्नामेंट पुडुचेरी में खेला जाएगा, जहां छत्तीसगढ़ की टीम कुल 5 राउंड-रॉबिन मैच खेलेगी। छत्तीसगढ़ की टीम अपने अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को हरियाणा के खिलाफ होने वाले पहले राउंड के मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम का दूसरा मुकाबला 10 अक्टूबर को बिहार से, तीसरा मुकाबला 12 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश से, चौथा मुकाबला 14 अक्टूबर को पंजाब से और अंतिम पांचवां मुकाबला 16 अक्टूबर 2026 को ओडिशा की टीम के साथ होगा।

कार्नर न्यूज

मानसिक तनाव और घरेलू कलह से मिलेगा छुटकारा; घर के माहौल में घुलेगी मिठास और समृद्धि

पारिवारिक सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा के लिए अपनाएं फेंगशुई के प्रभावी सूत्र, लौट आएगी खुशहाली

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर छोटी-छोटी बातों पर घर में अनबन, तनाव और अशांति का वातावरण बन जाता है। फेंगशुई और वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों के अनुसार, हमारे निवास स्थान में रखी वस्तुएं और उनकी दिशाएं हमारे मन-मस्तिष्क, सोच तथा आपसी संबंधों पर गहरा प्रभाव डालती हैं। यदि घर की ऊर्जा में असंतुलन आ जाए, तो नकारात्मकता बढ़ने लगती है। फेंगशुई के कुछ सरल और आजमाए हुए उपायों को अपनाकर आप अपने घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सुख, समृद्धि और अटूट शांति प्राप्त कर सकते हैं। शयनकक्ष और बैठक के लिए असरदार चित्रांकन उपाय जानिए।

ताजे गुलाब के फूल या उनका सुंदर चित्र

फेंगशुई के अनुसार, दांपत्य जीवन में प्रेम और आपसी आकर्षण बनाए रखने के लिए शयनकक्ष में ताजे लाल या गुलाबी गुलाब के फूल रखने चाहिए। यदि रोजाना ताजे फूल उपलब्ध न हो सकें, तो शयनकक्ष की दीवार पर लाल गुलाब के फूलों की खूबसूरत तस्वीर लगाना भी बेहद शुभ



माना जाता है। यह उपाय पति-पत्नी के बीच प्यार और विश्वास को गहरा करता है।

दौड़ते हुए सफेद घोड़ों की पेंटिंग

पारिवारिक जीवन में सुख, शांति और सामंजस्य बढ़ाने के लिए घर की पूर्वी या उत्तरी दीवार पर दौड़ते हुए सफेद घोड़ों का चित्र लगाना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। यह चित्र घर में सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को तेज करता है और तरक्की के नए मार्ग खोलता है।

दंपति का मुस्कुराता हुआ चित्र

शयनकक्ष में जीवनसाथी के साथ अपनी एक ऐसी तस्वीर लगाएं, जिसमें दोनों के चेहरे पर सच्ची प्रसन्नता और मुस्कान हो। फेंगशुई के अनुसार, ऐसी तस्वीर रोजाना देखने से मन में सकारात्मक विचार आते हैं और आपसी मनमुटाव दूर होते हैं।

चहकते हुए पक्षियों का जोड़ा

यदि घर में अक्सर वैचारिक मतभेद या तनाव बना रहता है, तो मुख्य बैठक या शयनकक्ष में चहचहाते पक्षियों के जोड़े की पेंटिंग लगाएं। यह वातावरण में ताजगी लाती है और रिश्तों की कटुता को मिठास में बदल देती है।



क्रीड़ा करती डॉल्फिन की तस्वीर

फेंगशुई में डॉल्फिन को प्रेम, सौहार्द और वफादारी का प्रतीक माना गया है। पानी में उछलती हुई डॉल्फिन जोड़ों का चित्र लगाने से वैवाहिक जीवन में मिठास आती है और आपसी समझ मजबूत होती है।

पारिवारिक कलह दूर करने के अन्य असरदार फेंगशुई उपाय

चित्रों के अलावा, घर के वातावरण को शांत और समृद्ध बनाने के लिए निम्नलिखित उपायों को भी अमल में लाया जा सकता है।

बांस का पौधा (लकी बम्बू)

घर की पूर्वी या दक्षिण-पूर्वी दिशा में कांच के बर्तन में पानी भरकर बांस का पौधा रखना अत्यंत शुभ होता है। यह पौधा घर की नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेता है और परिवार के सदस्यों के बीच सुख-समृद्धि तथा अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

पवन घंटी (विंड चाइम) का प्रयोग

घर के मुख्य द्वार या खिड़की के पास धातु या लकड़ी की पवन घंटी लटकाएं। हवा के झोंकों से निकलने वाली इसकी मधुर ध्वनि घर से नकारात्मक विचारों को बाहर निकालती है और मानसिक शांति प्रदान करती है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'अवेंजर्स: डूम्सडे' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह, विलेन के नए रूप में नजर आएंगे रॉबर्ट



मार्वल स्टूडियोज की बहुप्रतीक्षित और भव्य फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' की तैयारियों को लेकर दुनियाभर के सिनेमा प्रेमियों और प्रशंसकों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। मार्वल की फिल्मों को पसंद करने वाले दर्शक इस नई कहानी का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, और फिल्म से जुड़ी हर नई जानकारी उनके रोमांच को और बढ़ा रही है। इस फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण दिग्गज अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर की वापसी है। इससे पहले मार्वल की कई फिल्मों में 'आयरन मैन' का मुख्य और लोकप्रिय किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले डाउनी, इस बार एक बिल्कुल अलग और खतरनाक भूमिका में सामने आ रहे हैं। इस फिल्म में वह मुख्य खलनायक 'डॉक्टर डूम' का एक बेहद नया, रहस्यमयी और अनोखा रूप निभाते हुए दिखाई देंगे। उनके इस नए खलनायक वाले रूप को लेकर प्रशंसकों के बीच जबरदस्त चर्चा और उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक जोड़ी रुसो ब्रदर्स (एंथोनी रुसो और जो रुसो) कर रहे हैं। रुसो ब्रदर्स इससे पहले 'अवेंजर्स: इनफिनिटी वॉर' और 'अवेंजर्स: एंडगेम' जैसी विश्वभर में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने वाली फिल्मों का सफ़ल निर्देशन कर चुके हैं। ऐसे में उनके फिर से निर्देशक की कुर्सी पर लौटने से दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। 'अवेंजर्स: डूम्सडे' में मार्वल की विशाल काल्पनिक दुनिया के कई बड़े और शक्तिशाली नायक (सुपरहीरो) एक साथ एक ही मंच पर नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी में ब्रह्मांड को बचाने के लिए इन नायकों के बीच का तालमेल, उनका महासंग्राम और 'डॉक्टर डूम' की महाविनाशकारी योजनाओं का सामना करना मुख्य आकर्षण रहेगा।

टॉलीवुड

सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आई सुपरस्टार यश की फिल्म



कन्नड़ सिनेमा के जाने-माने अभिनेता यश की बहुचर्चित और भव्य गैंगस्टर-ड्रामा फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरिटेल फॉर ग्रोन-अप्स' ने बड़े पर्दे पर शानदार सफलता हासिल करने के बाद अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम रख दिया है। दर्शकों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार खत्म करते हुए यह फिल्म अब प्रसिद्ध डिजिटल मंच 'जी5' पर प्रसारित हो चुकी है। गीतू मोहनदास के कुशल निर्देशन में बनी यह फिल्म उत्तर-औपनिवेशिक काल के गोवा की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में उस दौर की आपराधिक गतिविधियों, अंडरवर्ल्ड के प्रभाव और सत्ता की जंग को बेहद गहराई तथा भव्यता के साथ पर्दे पर उतारा गया है। फिल्म का छायांकन, दृश्य संयोजन और निर्माण स्तर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, जो दर्शकों को एक अलग ही काल्पनिक व रहस्यमयी दुनिया का अहसास कराता है।

इस एक्शन से भरपूर फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे सुपरस्टार यश का अवतार बेहद शक्तिशाली और प्रभावशाली है। उनके अलावा फिल्म में भारतीय सिनेमा की कई प्रसिद्ध अभिनेत्रियां मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। इनमें नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी और तारा सुतारिया जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं। इन सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों में बेहतरीन अभिनय किया है, जिससे कहानी में रहस्य और रोमांच लगातार बना रहता है।

सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ जुटाने और सफलता के कई नए कीर्तिमान स्थापित करने के बाद, अब इस फिल्म को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी प्रशंसकों का बहुत प्यार मिल रहा है। 'जी5' पर रिलीज होते ही यह फिल्म दर्शकों के बीच चर्चा का मुख्य विषय बन गई है।

भोजपुरी

दिल्ली में सजेगा भव्य रामलीला का मंच; श्रीराम बनेंगे रवि किशन



देश की राजधानी दिल्ली में इस वर्ष आयोजित होने वाली प्रसिद्ध और भव्य रामलीला को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी रामलीला का मंच सांस्कृतिक भव्यता और कला का केंद्र बनने जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण लेकर आ रहा है, क्योंकि मंच पर कई नामचीन हस्तियां पौराणिक किरदारों को जीवंत करती हुई नजर आएंगी। भोजपुरी सिनेमा के मशहूर अभिनेता और वर्तमान सांसद रवि किशन इस साल रामलीला में मुख्य भूमिका यानी भगवान श्रीराम के किरदार में नजर आएंगे। अपनी बुलंद आवाज, सशक्त अभिनय और जन-जन में लोकप्रियता के लिए पहचाने जाने वाले रवि किशन को श्रीराम के रूप में देखने के लिए प्रशंसकों में भारी उत्सुकता है। उन्होंने इस भूमिका को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे एक बड़ा सौभाग्य और धार्मिक दायित्व बताया है। इस भव्य आयोजन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के साथ 'माता सीता' के पावन और पूजनीय किरदार को मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 केजिया लिज मेजो निभाएंगी। सौंदर्य और कला के मंच पर अपनी पहचान बनाने के बाद केजिया का इस पौराणिक मंच पर पदार्पण दर्शकों के लिए एक नया और विशेष अनुभव होगा। आयोजकों का मानना है कि इस नई जोड़ी की प्रस्तुति रामलीला के आकर्षण को कई गुना बढ़ा देगी।

रॉयल हाई-फैशन

शाही और भव्यता से भरपूर, यह आउटफिट 'रॉयल हाई-फैशन' शैली का एक बेजोड़ नमूना है। सुनहरे और मोतियों की आकर्षक नक्काशी से सजा यह 'मर्मेड-कट' गाउन कंधे पर लगे बड़े, ना टकीय रफल्स के साथ बेहद प्रभावशाली दिखता है। सिर पर पहना गया ताज और शाही महल का स्वर्णिम बैकग्राउंड इस ड्रेमेटिक एवं एलिगेंट लुक की भव्यता को और बढ़ा देता है।



घर पर ही आसान स्टेप्स में करें प्रोफेशनल 'हेयर स्मूदनिंग'

अगर आप बेजान, फ्रिजी और घुंघराले बालों की समस्या से परेशान हैं, तो हेयर स्मूदनिंग आपके लिए सबसे बेहतरीन विकल्प हो सकती है। स्मूदनिंग न केवल बालों को सीधा और चमकदार बनाती है, बल्कि उन्हें एक आकर्षक और सहेजा हुआ लुक भी देती है। अब इसके लिए पार्लर जाकर हजारों रुपये खर्च करने की बिल्कुल जरूरत नहीं है; कुछ आसान स्टेप्स को अपनाकर यह ट्रीटमेंट आप घर पर ही कर सकती हैं।

माइल्ड शैम्पू से करें बालों की सफाई

स्मूदनिंग प्रक्रिया का पहला और सबसे अहम कदम है बालों को गहराई से साफ करना। इसके लिए कम केमिकल वाले माइल्ड शैम्पू का प्रयोग करें। यदि बाल अत्यधिक डैमेज हैं, तो ओट मिल्क और शहद युक्त शैम्पू चुनें। यह संयोजन डैमेज बालों की मरम्मत कर उन्हें जड़ों से मजबूती प्रदान करता है।

बालों का मॉइश्चर सुखाएं (ब्लो ड्रायर तकनीक)

बाल धोने के बाद उन्हें ब्लो ड्रायर से अच्छी तरह सुखाएं ताकि नमी का एक भी अंश न रहे। बेहतर परिणामों के लिए बालों को चार हिस्सों (सेक्शन) में बांटे और एक-एक हिस्से को ड्रायर से सुखाएं। इससे बाल पूरी तरह से सूखकर अगली प्रक्रिया के लिए तैयार हो जाते हैं।

स्मूदनिंग क्रीम लगाने का सही तरीका

तीसरे चरण में बाजार या घर पर तैयार की गई स्मूदनिंग क्रीम को मास्किंग ब्रश की मदद से बालों पर लगाएं। क्रीम लगाने के बाद चौड़े दांतों वाली कंघी से बालों को सुलझाएं ताकि क्रीम हर एक स्ट्रैंड पर समान रूप से फैल जाए। इसे 25-30 मिनट तक लगा रहने दें। ध्यान रखें, क्रीम एक जगह न जमे, इसके लिए 10 मिनट बाद एक बार फिर कंघी कर लें।




सुखाने और प्रेसिंग की प्रक्रिया

जब क्रीम सूख जाए, तो बिना पानी से धोए बालों पर ड्रायर चलाएं। इसके बाद हेयर स्ट्रैटनर से बालों को अच्छे से प्रेस करें। आपकी होममेड स्मूदनिंग पूरी हो चुकी है।

गुलाबी ठंड में इन तरीकों से फ्लॉन्ट करें गजरा



गुलाबी ठंड की दस्तक के साथ ही त्योहारों और शादियों का सीजन शुरू हो जाता है। एथनिक परिधानों के साथ जब तक बालों में गजरा न सजा हो, तब तक पारंपरिक श्रृंगार अधूरा सा लगता है। यदि आप भी इस सीजन अपने लुक को रीगल और सबसे अलग बनाना चाहती हैं, तो इन चार ट्रेंडिंग तरीकों से गजरे को अपने हेयर स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं।



मल्टी-लेयर गजरा लुक (ओपन हेयर स्टाइल)

अगर आप बालों को खुला रखना चाहती हैं, तो यह लुक सबसे सटीक है। बालों की सेंटर पार्टिंग (बीच की मांग) करके दोनों तरफ हल्का पफ बनाएं। अब क्राउन एरिया पर पफ बनाकर बालों को हाफ पिनअप कर लें और पफ के ठीक नीचे दो लेयर में गजरा लगाएं। यह स्टाइल बनाने में आसान और कैरी करने में बेहद आरामदायक है।



रॉयल जाल-वर्क गजरा (लहंगा और साड़ी के साथ) यदि आप लो-बन (नीचा जूड़ा) बना रही हैं, तो जाल-वर्क वाला गजरा आपके लुक में चार चांद लगा देगा। सिंपल लो-बन बनाएं और उसके ऊपर जाल-वर्क वाले गजरे को फिट करके हेयर पिन से अच्छी तरह फिक्स कर लें। यह स्टाइल लहंगे और भारी साड़ियों पर बेहद आकर्षक दिखता है।



सेलिब्रिटी स्टाइलः इंग्लिश रोज गजरा

मोगरे के बजाय अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं, तो दीपिका पादुकोण की तरह इंग्लिश रोज (गुलाब के फूल) का गजरा ट्राई करें। इसके लिए मीडियम-हाई बन बनाएं और उसकी गोलाई में इंग्लिश गुलाब लगाएं। यदि ताजे फूल न मिलें, तो बाजार में उपलब्ध आर्टिफिशियल रेडीमेड रोज गजरे का भी उपयोग किया जा सकता है।

एक लिप लाइनर से करें पूरा फेस मेकअप, जानिए जरूरी हैक्स

अमूमन महिलाएं लिप लाइनर का इस्तेमाल केवल होंठों को शेप देने या लिपस्टिक लगाने के लिए करती हैं। लेकिन 'आरवीएमयूए एकेडमी' की फाउंडर व सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट रिया वशिष्ट के अनुसार, लिप लाइनर एक बेहद वर्सेटाइल ब्यूटी टूल है। अगर सही तरीका मालूम हो, तो एक ही लिप लाइनर पेंसिल से चेहरे का पूरा मेकअप किया जा सकता है। रंग-बिरंगा आईलाइनरः लाइट मेकअप के लिए अपनी पसंद का लिप लाइनर आंखों के ऊपर बतौर आईलाइनर लगाएं। ब्लैक आईशैडो की पतली लाइन बनाकर उसके ऊपर लिप लाइनर लगाने और स्मज करने से बेहद अट्रैक्टिव आई-लुक मिलता है। कस्टम आईशैडोः आउटफिट के मैचिंग लिप लाइनर को पलकों पर लगाएं और आईशैडो ब्रश से अच्छी तरह ब्लेंड करें। दो-तीन शेड्स मिलाकर लगाने से परफेक्ट स्मूथ फिनिश मिलती है।

कलरफुल या ब्राउन काजलः रेगुलर ब्लैक काजल से बोर हो गई हैं, तो डार्क ब्राउन लिप लाइनर को लोअर लैश लाइन के नीचे लगाकर हल्का स्मज करें। यह आंखों को बहुत ही नेचुरल और डिफाइंड लुक देता है।



नेचुरल चीक ब्लशः ब्लश खत्म हो गया हो तो चिंता न करें। लाइट पिंक या न्यूड शेड के लिप लाइनर को गालों (चीक्स) पर हल्का सा लगाएं और उंगलियों, स्पॉन्ज या ब्रश की मदद से ब्लेंड करें।

परफेक्ट फेस कॉन्टूरिंगः डार्क ब्राउन लिप लाइनर की मदद से अपनी जॉलाइन और नाक के दोनों किनारों पर हल्की लाइनें खींचें और स्पॉन्ज से ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि ब्लेंडिंग इतनी हल्की हो कि शेप बनी रहे।

स्कैल्प पर ज्यादा पसीना आने की समस्या को न करें नजरअंदाज

पसीना आना शरीर की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जो बॉडी को डिटॉक्स करने और तापमान नियंत्रित रखने में मदद करती है। हालांकि, जिन लोगों के स्कैल्प (सिर की त्वचा) पर जरूरत से ज्यादा पसीना आता है, उनके लिए यह न केवल चिड़चिड़ापन लाता है, बल्कि बालों के स्वास्थ्य को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है।

स्कैल्प में जलन, रेडनेस और इचिंग

अत्यधिक पसीने के कारण स्कैल्प में लगातार नमी बनी रहती है। संवेदनशील त्वचा (सेंसिटिव स्किन) वाले लोगों में इस नमी की वजह से सिर में खुजली, रेडनेस और जलन की समस्या बढ़ जाती है।

रोज शैम्पू करने से बालों का रूखापन

पसीना और चिपचिपाहट साफ करने के चक्कर में लोग अक्सर रोजाना शैम्पू करने की गलती कर बैठते हैं। अधिक शैम्पू के इस्तेमाल से बालों का प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है, जिससे बाल बेजान, रूखे और कमजोर होकर टूटने लगते हैं।



यीस्ट ओवरग्रोथ और जिद्दी डैंड्रफ

स्कैल्प पर लगातार जमा पसीना और नमी फंगल या यीस्ट इन्फेक्शन के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हैं। इसके परिणामस्वरूप सिर में जिद्दी डैंड्रफ की शिकायत हो जाती है जो हेयर फॉलिकल्स को नुकसान पहुंचाती है। पसीने से बाल हमेशा ऑयली और चिपचिप नजर आते हैं। ऐसे में बालों को जल्दी सुखाने के लिए अत्यधिक ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल समस्या को कम करने के बजाय और ज्यादा बदतर बना देता है।

कार्नर न्यूज

बिना साइड इफेक्ट और भारी-भरकम खर्च के झुर्रियों से पाएं मुक्ति

महंगे बोटॉक्स ट्रीटमेंट को कहें अलविदाः अब घर पर ही पाएं केले से प्राकृतिक और चमकदार त्वचा

बढ़ती उम्र के साथ त्वचा का प्राकृतिक कोलेजन कम होने लगता है और त्वचा अपनी प्राकृतिक लोच (इलास्टिसिटी) खोने लगती है। इसके परिणामस्वरूप चेहरे पर झुर्रियां, बारीक रेखाएं (फाइन लाइन्स) और ढीलापन साफ नजर आने लगता है। आज के समय में इस समस्या से निजात पाने के लिए महिलाएं क्लिनिकों में जाकर महंगे 'बोटॉक्स ट्रीटमेंट' का सहारा लेती हैं।

क्या है केमिकल बोटॉक्स ट्रीटमेंट?

डॉक्टरी बोटॉक्स ट्रीटमेंट में चेहरे की मांसपेशियों में 'बोटुलिनम टॉक्सिन' नामक केमिकल इंजेक्ट किया जाता है, जो मांसपेशियों को कुछ समय के लिए सुन्न कर देता है। इससे त्वचा खिंची हुई दिखती है, लेकिन इसके परिणाम अस्थायी (4-6 महीने) होते हैं। साथ ही यह ट्रीटमेंट महंगा होता है और इसके कई साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं।

केले से बनाएं प्राकृतिक 'होममेड बोटॉक्स'

रसोई में मौजूद केला एक प्राकृतिक बोटॉक्स इंग्रीडिएंट की तरह काम करता है। इसमें पोटैशियम, विटामिन-ए, बी, सी, ई और एंटीऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो त्वचा को गहराई से पोषण देकर कसावट लाते हैं। आवश्यक सामग्री में एक पका हुआ केला,2 बड़े चम्मच मिल्क पाउडर, 1 बड़ा चम्मच शुद्ध शहद लें।



मास्क बनाने और लगाने की सही विधि

पेस्ट बनाएंः पके केले को अच्छी तरह ब्लेंड करें ताकि उसमें कोई गांठ न रहे। अब इसमें मिल्क पाउडर और शहद मिलाकर गाढ़ा क्रीमी मास्क तैयार करें।

अप्लाई करेंः चेहरे को साफ करके ब्रश या उंगलियों की मदद से इस मास्क को चेहरे व गर्दन पर नीचे से ऊपर की ओर लगाएं। 25 मिनट तक सुखाएंः मास्क लगाने के बाद चेहरे को स्थिर रखें और 20-25 मिनट तक सूखने दें। धोने की तकनीकः पहले गुनगुने पानी से हल्के हाथों से मसाज करते हुए धोएं, फिर पोर-टाइटनिंग के लिए अंत में ठंडे पानी से चेहरा धो लें। सप्ताह में 1 से 2 बार इसका उपयोग करने से चेहरे का ढीलापन दूर होता है और त्वचा लंबे समय तक जवां व चमकदार बनी रहती है।

